कृत्ते एवं के लिए
विनेय सोलर पावर लिमिटेड
हस्ता./–
राकेश कुमार अग्रवाल
निदेशक
DIN: 00248752
तिथि: 11.07.2019
स्थान: दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, हमारे कलाइंट मैसर्स मुथूट फाईनान्स लि. द्वारा 26th July 2019 को (...) आयोजित होने वाली सार्वजनिक नीलामी कुछ अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है और अब 17th September 2019 को सार्वजनिक नीलामी पुनः निर्धारित की गई है। सार्वजनिक नीलामी का स्थान एवं समय वही रहेगा जो कि पहले ही संबंधित कर्जदारों को अधिसूचित किया जा चुका है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक व्यक्ति हमारे कलाइंट की संबंधित शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

कोहली एण्ड सोबती, एडवोकेट
ए 59ए, पहली मंजिल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली - 110024

नोट: ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे कलाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गिरवी रखे गहनों को छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडी auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464, 7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड
NUCLEUS SOFTWARE
सीआईएन : L74899DL1989PLC034594
पंजीकृत कार्यालय: 33–35, त्यागराज नगर मार्केट, नई दिल्ली–110003
फोन : +91-120-4031400, फैक्स: +91-120-4031672
ईमेल : investorrelations@nucleussoftware.com
वेबसाइट : www.nucleussoftware.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 23 जुलाई 2019 को दिल्ली/एनसीआर में:
क) 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अंकेक्षित एकल वित्तीय परिणामों;
ख) 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी।
निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित वित्तीय परिणाम मंगलवार, 23 जुलाई 2019 को मंडल की बैठक की समाप्ति के उपरान्त घोषित किया जाएगा।
इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट (http://www.nucleussoftware.com/investors) एवं स्टॉक एक्सचेंजों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

कृते न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड
हस्ता./–
पूनम भसीन
कम्पनी सचिव
दिनांक : 15 जुलाई, 2019
स्थान : नोएडा

सफाईकर्मियों को मुफ्त सुरक्षा किट देगी सरकार : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार राष्ट्रीय राजधानी में सफाईकर्मियों को निशुल्क सुरक्षा किट मुहैया कराएगी।

तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली जल बोर्ड की ओर से आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की मौत के बारे में सुनकर बहुत दुख होता है। इस व्यवस्था को किसी तरह खत्म करना है। उन्होंने कहा कि हम सफाईकर्मियों की जिंदगी को लेकर चिंतित हैं और दिल्ली में काम करने वाले सफाईकर्मियों को निशुल्क सुरक्षा किट मुहैया कराए जाएंगे ताकि कोई दुर्घटना नहीं हो। उन्होंने दावा किया कि इससे पहले, दिल्ली में सिर्फ 50 फीसदी सीवर लाइनें थीं और हमारे कार्यकाल में यह बढ़कर 80 फीसदी हो गई हैं। करीब 4000 सफाईकर्मियों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया। इस मौके पर दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष दिनेश मोहनिया ने कहा कि हमने सफाईकर्मियों का कौशल बढ़ाने और उन्हें सुरक्षा किट के इस्तेमाल को लेकर जागरुक बनाने के लिए एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि जल बोर्ड से करीब 12000 सफाईकर्मी जुड़े हैं।

सफाईकर्मियों की मौत की खबर से बहुत दुख होता है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों को एक शपथ भी दिलवाई। सभी ने शपथ ली कि कोई भी सफाई कर्मचारी बिना पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के सीवर में नहीं उतरेगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में देखा जाता है कि जब भी किसी शहर का विकास होता है तो प्रशासन उस विकास में गरीब जनता को भूल जाता है। हमारी कोशिश है कि हमारी दिल्ली का विकास सबको साथ लेकर हो। केजरीवाल ने कहा कि देश के अलग–अलग क्षेत्रों से दिल्ली में लोग काम की तलाश में आते हैं और यहीं बस जाते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आबादी दिन पर दिन तेजी से बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस रफ्तार से आबादी बढ़ रही है उसी रफ्तार से लोगों के लिए बिजली, पानी, सड़क नालियां, सीवर आदि की सुविधाओं का भी इंतजाम किया जा रहा है।

जेएनयू के सुरक्षाकर्मी मीणा अब रूसी भाषा की कक्षा में दिखेंगे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

जेएनयू में तैनात एक सुरक्षाकर्मी रामजल मीणा ने प्रवेश परीक्षा पास कर बीए रूसी भाषा पाठ्यक्रम में दाखिला लिया है। अब वह बतौर विद्यार्थी जेएनयू में पढ़ाई करेंगे।

राजस्थान के करौली जिले के रहने वाले 33 साल के रामजल मीणा ने पहले प्रयास में ही जेएनयू की प्रवेश परीक्षा पास की है। एक निजी कंपनी में काम करने वाले रामजल 2014 से यहां सुरक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 2002 में 12वीं पास की थी। रामजल ने दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से बीए किया है। वह राजस्थान विश्वविद्यालय से एमए राजनीतिक विज्ञान की पढ़ाई कर रहे हैं। उनका कहना है कि पढ़ाई करने का मुख्य उद्देश्य यूपीएससी परीक्षा पास करना है। उनके तीन बच्चे हैं, जिसमें से सबसे बड़ी बेटी 9वीं कक्षा में पढ़ती है।

वैभव ग्लोबल लिमिटेड
CIN: L36911RJ1989PLC004945; पंजीकृत कार्यालय– के–6बी, फतेह टीबा, आदर्श नगर, जयपुर–302004; फोन: 91-141-2601020; फैक्स: 91-141-2605077;
ई-मेल : investor_relations@vaibhavglobal.com; वेबसाइट : www.vaibhavglobal.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 47 (1)(ए) के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में, कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक मंगलवार, दिनांक 30 जुलाई, 2019 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य बातों के साथ 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं स्वीकृत किया जायेगा।
यह जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.vaibhavglobal.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते वैभव ग्लोबल लिमिटेड
हस्ताक्षर
सुशील शर्मा (कंपनी सचिव)
FCS: 6535
स्थान : जयपुर
दिनांक : 15 जुलाई, 2019

CITY ACADEMY LAW COLLEGE
Tiwariganj, Chinhat, Lucknow
REQUIRED PRINCIPAL
Qualification, Experience & Percentage as per State Govt. & Lucknow University Norms. Applicants should apply within 15 day to Manager, City Academy Law College, Tiwariganj, Chinhat, Lucknow.
E-mail :info@cgclko.com

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, हमारे कलाइंट मैसर्स मुथूट फाईनान्स लि. द्वारा 19th & 29th July 2019 को (...) आयोजित होने वाली सार्वजनिक नीलामी कुछ अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है और अब 13th & 19th September 2019 को सार्वजनिक नीलामी पुनः निर्धारित की गई है। सार्वजनिक नीलामी का स्थान एवं समय वही रहेगा जो कि पहले ही संबंधित कर्जदारों को अधिसूचित किया जा चुका है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक व्यक्ति हमारे कलाइंट की संबंधित शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

कोहली एण्ड सोबती, एडवोकेट
ए 59ए, पहली मंजिल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली - 110024

नोट: ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे कलाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गिरवी रखे गहनों को छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडी auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464, 7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

SOUTH INDIAN Bank
क्षेत्रीय कार्यालय : दिल्ली 1/18-20, व्हाइट हाउस, द्वितीय तल, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली – 110055 फोन : 011-23610400,
Email: ro1008@sib.co.in CIN: L65191KL1929PLC001017

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के साथ पठित अधिनियम के रूप में संदर्भित) की धारा 13 (2) के अधीन सूचना

[illegible]

प्रत्याभूत आस्तियों की अनुसूची
अनुसूची "क"
[illegible]
अनुसूची "ख"
[illegible]

इस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
(मुख्य प्रबंधक)
तिथि : 16.07.2019
स्थान : नोएडा

कार्यालय वसूली अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, पटेल चौक, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

बिक्री की उद्घोषणा

आर.सी. नं. 329/2015 दिनांक 06.06.2019

बैंक एवं वित्तीय संस्थान अधिनियम, 1993 को देय ऋणों की वसूली के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अंतर्गत बिक्री की उद्घोषणा

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बनाम श्री मोहम्मद करीम एवं अन्य

सेवा में, (सीडी–1) श्री मोहम्मद करीम पुत्र मोहम्मद निजुद्दीन IX/4305, गली नं. 9, अजित नगर, गांधी नगर, दिल्ली–31
इसके साथ: IX/4009, गली नं. 17, अजित नगर, गांधी नगर, दिल्ली–110031
(सीडी–2) श्रीमती साजिदा बेगम पत्नी श्री मोहम्मद करीम IX/4305, गली नं. 9, अजित नगर, गांधी नगर, दिल्ली–110031
इसके साथ: IX/4009, गली नं. 17, अजित नगर, गांधी नगर, दिल्ली–110031
(सीडी–3) श्री मोहम्मद सलीम पुत्र श्री मोहम्मद करीम IX/4305, गली नं. 9, अजित नगर, गांधी नगर, दिल्ली–110031
इसके साथ: IX/4009, गली नं. 17, अजित नगर, गांधी नगर, दिल्ली–110031
(सीडी–4) श्री योगेन्द्र शर्मा पुत्र श्री गोपी चन्द शर्मा, 4341, गली नं. 8, अजित नगर, गांधी नगर, दिल्ली–110031
इसके साथ: मकान नं. 10/186, गीता कॉलोनी, दिल्ली–110031

चूंकि आप पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, दिल्ली द्वारा जारी ओ.ए. नं. 323/2014/डीआरटी–III, दिल्ली में वसूली प्रमाणपत्र के संबंध में आपसी और बकाया राशि रु. 29,69,715/– (उनतीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ पन्द्रह रुपए) और प्रमाणपत्र के अनुसार देय ब्याज एवं लागत का भुगतान करने में असफल रहे हैं। और चूंकि अधोहस्ताक्षरी ने कथित प्रमाणपत्र के आलोक में नीचे अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री करने का आदेश दिया है। आप सीडी नं. 1 से 4 के पास 12.05.2014 से उस पर लागत एवं ब्याज के साथ रु. 29,69,715/– (उनतीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ पन्द्रह रुपए) की राशि बकाया है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आगे किसी भी स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में नीचे वर्णित सम्पत्ति की बिक्री 21.08.2019 को सायं 03:00 बजे के बीच परिसम्पत्ति वसूली शाखा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, निकट पुलिस स्टेशन, करोल बाग, नई दिल्ली पर कोर्ट ऑक्शनर श्री प्रदीप चौधरी, अधिवक्ता, मोबाइल नं. 9958277201 के माध्यम से की जाएगी।

नीचे अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लॉट को बिक्री के लिए रखा जाएगा। यदि सम्पत्ति के किसी एक भाग की बिक्री पर राशि की वसूली हो जाती है तो नीलामी को तुरंत रोक दिया जाएगा। बिक्री को उस स्थिति में भी रोक दिया जाएगा यदि पूरा लॉट समाप्त हो जाता है, कथित प्रमाणपत्र में वर्णित बकाया राशि, ब्याज लागत (बिक्री की कीमत सहित) की अधिकारी द्वारा वसूली हो जाने का प्रमाण दिया जाता है और अधोहस्ताक्षरी के पास ऐसे प्रमाणपत्र में दर्ज बकाया राशि, ब्याज एवं लागत का भुगतान करने का प्रमाण सौंप दिया जाता है। कोई भी अधिकारी या व्यक्ति जिसकी ड्यूटी बिक्री से जुड़ी है, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति की बिक्री में भाग लेने का कोई प्रयास नहीं करेगा। बिक्री पर आम जनता को व्यक्तिगत या अपने अधिकृत एजेंट के माध्यम से बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। नीलामी बिक्री के समय भावी खरीददार द्वारा पैन कार्ड प्रस्तुत करना होगा। बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित शर्तों और इसके अधीन बनाए गये नियमों और आगे की शर्तों का पालन करते हुए की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण, आरक्षित मूल्य और ईएमडी का विवरण निम्नानुसार है: अनुसूची में दिए गए विवरण अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध अधिकतम सूचना के आधार पर वर्णित किए गए हैं लेकिन अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, मिथ्या विवरण या भूलचूक के लिए उत्तर देने का जिम्मेदार नहीं होगा।

नियम व शर्तें:
(1) सम्पत्ति रु. 32.00 लाख (बत्तीस लाख रुपए मात्र) से कम पर नहीं बेची जाएगी।
(2) बोली राशि रु.50,000/– (पचास हजार रुपए मात्र) से बढ़ायी जाएगी और बोलीदाता की ओर बोली राशि के रूप में किसी भी विवाद की स्थिति में तो लॉट को पुनः नीलामी के लिए रखा जाएगा।
(3) सबसे ऊंची बोलीदाता को किसी भी लॉट का खरीददार घोषित किया जाएगा और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। अधोहस्ताक्षरी को यदि लगता है कि प्रस्तुत की गई बोली राशि कम है और यह राशि अनुचित है तो उसके पास ऊंची बोली को निरस्त करने/स्वीकार करने का अधिकार होगा।
(4) ईएमडी राशि 3,20,000/– (तीन लाख बीस हजार रुपए मात्र) वसूली अधिकारी–II, ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली के पक्ष में डीडी के द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्ति एवं लॉट की खरीद के लिए संबंधित सम्पत्ति की नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व नीलामी साइट पर जमा करनी होगी। उसके बाद जमा की गई ईएमडी पर विचार नहीं किया जाएगा।
(5) ईएमडी जमा करते समय कथित ऑक्शनर के पास पैन कार्ड, पते का प्रमाण, ई–मेल आईडी, मोबाइल नं., और पैन कार्ड, कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा या कम्पनी के प्रतिनिधि/अटॉर्नी की पुष्टि करते एवं अन्य दस्तावेज/घोषणा पत्र आदि को जमा करना होगा।
(6) सफल बोलीदाता को बोली समाप्त होने के अगले बैंक कार्य दिवस को ईएमडी के समायोजन के पश्चात लगाई गई बोली की 25 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी–2, ऋण वसूली अधिकरण–3, दिल्ली के नाम पर डीडी/पे आर्डर के रूप में 3.00 बजे तक जमा करनी होगी।
(7) सफल खरीददार को सम्पत्ति की बिक्री की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15वें दिन को या उससे पूर्व, ऐसे तिथि को छोड़कर, या यदि 15वें दिन रविवार या अन्य अवकाश पड़ता है तो इसके बाद आने वाले पहले दिन उपरोक्त पैरा 4 में दर्शाए गए अनुसार निर्धारित प्रक्रिया में जमा करना होगा। उपरोक्त के अलावा, खरीददार को रजिस्ट्रार, डीआरटी–III, दिल्ली के पक्ष में देय डीडी के रूप में रु. 1000/– तक 2 प्रतिशत की दर से और रु. 1000/– से अधिक राशि पर 1 प्रतिशत की दर से पाउंडेज शुल्क वसूली अधिकारी–II, डीआरटी–III के पास जमा करना होगा।
(8) यदि निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक होती है तो जमा की गई राशि, बिक्री के व्यय, जैसा अधोहस्ताक्षरी जैसा उचित समझे को सरकारी खाते में जब्त कर दिया जाएगा और चूककर्ता खरीददार जमा की गई राशि या सम्पत्ति के संबंध में कोई भी दावा नहीं कर पायेगा। सम्पत्ति को नई बिक्री उद्घोषणा जारी करने के बाद पुनः बिक्री के लिए रखा जाएगा। इसके अलावा खरीददार अपनी अंतिम बोली राशि और बाद में अनुवर्ती बेची गई कीमत के बीच में कमी या अंतर के लिए भी जिम्मेदार होगा।
(9) वसूली अधिकारी किसी या सभी बोली, यदि वह अनुचित समझे तो उसे निरस्त करने या किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार रखते हैं।
(10) सम्पत्ति "जैसा है जहां है एवं जो है जैसा है" आधार पर बेची जाएगी।
(11) असफल बोलीदाताओं को अपने ईएमडी की वापसी के लिए आरसी पर सुनवाई की तिथि को या उससे पूर्व रजिस्ट्रार, डीआरटी–3 के पास पहचान प्रमाणपत्र के साथ एक आवेदन जमा करना है जिसे आरसी पर सुनवाई की तिथि/अनुवर्ती तिथि को वापिस कर दिया जाएगा।
(12) अधोहस्ताक्षरी किसी या सभी बोली, यदि वह अनुचित समझे तो उसे निरस्त करने या किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार रखते हैं।

लॉट	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य/ईएमडी	कोर्ट ऑक्शनर का नाम
1.	सम्पत्ति यानि सम्पत्ति सं IX/4009, गली नं. 17, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली–110031, परिमाप 50 वर्ग यार्ड, दिल्ली–110031	रू.32.00 लाख रू.3.20 लाख	श्री प्रदीप चौधरी, अधिवक्ता मोबाइल: 9958277201

सम्पत्ति या इसके किसी भाग पर मूल्यांकित राजस्व: उपलब्ध नहीं
सम्पत्ति पर अधिभार बकाया, यदि कोई हो, का विवरण: उपलब्ध नहीं
दावे, यदि कोई हो, जो सम्पत्ति के साथ जुड़े हैं और इसके प्रकार एवं मूल्य के अन्य कोई ज्ञात विवरण: उपलब्ध नहीं

आज 06 जून, 2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ जारी
कोर्ट की मोहर
(विकास जेटली)
वसूली अधिकारी–2, डीआरटी–3, दिल्ली

पंजाब नैशनल बैंक
...भरोसे का प्रतीक!
शाखा कार्यालय : मॉडल टाऊन रोहतक,
फोन : 9053084427, Mail : bo3341@pnb.co.in

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु)

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित) के तहत पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने ऋणी/बन्धककर्ता श्री संजय आहूजा मैसर्ज निर्मल मैडिकोज को दिनांक 01.04.2019 को मांग नोटिस जारी किया जिसमें नोटिस की तिथि से 60 के दिन के अन्दर नोटिस में वर्णित राशि के पुनर्भुगतान की मांग की।

ऋणी द्वारा पुनर्भुगतान न करने पर, आम जनता व ऋणी को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 तथा सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित सम्पत्ति का दिनांक 10.07.2019 को कब्जा ले लिया है।

सुरक्षित सम्पत्तियों को मुक्त कराने हेतु उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर ऋणी/गारंटर/बन्धककर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

एतद् द्वारा ऋणी को विशेष रूप से व आम जनता को सामान्यता से सावधान किया जाता है कि निम्न सम्पत्ति के साथ कोई भी व्यवहार न करें, सम्पत्ति के साथ कोई भी व्यवहार पंजाब नैशनल बैंक को निम्न वर्णित देय राशि, ब्याज व अन्य खर्चों सहित राशि के प्रभार के अधीन होगा।

बंधक संपत्ति का विवरण	बकाया राशि
कुल सम्पत्ति का वह हिस्सा जोकि प्लॉट नं./प्लॉट नं. 2481, सैक्टर-1 हुडा, रोहतक में स्थित है जिसका सेल डीड नं. 998, बही नं. 1 खंड नं 734 पेज नं. 202 दिनांक 08.05.2006 है।	रु. 12775086.60 + 01.04.2019 से आगे का ब्याज व अन्य खर्चे।

दिनांक: 15.07.2019 स्थान: रोहतक प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

कार्यालय वसूली अधिकारी–II
ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली
चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली – 110 001

आर. सी. सं. 572/2018 बिक्री उद्घोषणा दिनांकित : 17.06.2019

बिक्री की उद्घोषणा आयकर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अन्तर्गत को बैंक और वित्तीय संस्थान अधिनियम 1993 की ऋण वसूली के साथ पढ़ा जाये।

बैंक ऑफ बड़ौदा बनाम मैसर्स महादुर्गा एग्रोटेक

[illegible]

10. सम्पत्ति को बिक्री "जैसा है जहां है तथा जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।

[illegible]

मेरे हस्ताक्षर तथा मोहर के साथ आज दिनांक 17 जून, 2019 को दिया गया। (विकास जेटली) वसूली अधिकारी–II, ऋणवसूली अधिकरण–III, दिल्ली

खबरों में शहर

कारखाने में भीषण आग से लाखों का नुकसान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

केशवपुरम के लॉरेंस रोड पर सोमवार सुबह एक जूता-चप्पल के कारखाना में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने सुबह करीब आठ बजे मौके पर 10 दमकल को रवाना किया गया। बाद में 12 और दमकलों को भेजा गया। करीब 10 बजे आग पर काबू पा लिया था। गनीमत रही हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन आग की चपेट में आने से लाखों का सामान खाक हो गया।

पुलिसकर्मी से बदसलूकी का वीडियो वायरल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल एक वीडियो में दो युवक यातायात पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की के अलावा उन्हें गालियां देते दिखाई दे रहे हैं। एक युवक पुलिसकर्मियों की मोटरसाइकिल के साथ तोड़फोड़ कर रहा है। इस संबंध में दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त प्रवक्ता अनिल मित्तल ने बताया कि युवकों की पहचान के बाद उनका चालान किया गया है। वीडियो दो दिन पुराना है। बताया जा रहा है कि वीडियो उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के नेताजी सुभाष प्लेस का है।

एजंटों के खिलाफ कार्रवाई करें : गौतम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सोमवार को जिला मजिस्ट्रेटों को आधार पंजीकरण केंद्रों के ऐसे एजंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया जो आधार में अपने निजी ब्योरों को अपडेट करने वालों को परेशान करते हैं। मंत्री ने कहा कि डाक विभाग, बैंक एवं जिला कार्यालय आधार पंजीकरण और दस्तावेज में सूचना अपडेट करने के लिए अनुबंध के आधार पर स्टाफ रखते हैं जो पैसे लेकर काम करते हैं।

फलोत्सव में बुजुर्गों ने फलों का उठाया लुत्फ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

आदर्श नगर में रविवार को रोटी बैंक टीम ने फलोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान बुजुर्गों ने मौसमी फलों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का आयोजन रोटी बैंक के संस्थापक राज कुमार भाटिया ने किया था। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज के लिए बरगद की तरह होते हैं। उनके पास अनुभव का भंडार है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, संत अजय भाई समेत कई अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

शिक्षकों ने केंद्र सरकार को भेजा ज्ञापन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर देश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्री, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को 21 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की है। दिल्ली में भी सभी जिला कार्यालय में शिक्षक महासंघ ने ज्ञापन सौंपा।

मुर्गा मार्केट के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र के सुंदर नगरी एफ-1 ब्लॉक में मीट व्यापारियों द्वारा चलाई जा रही अवैध मुर्गा मार्केट को बंद करवाने के लिए यूनाईटेड हिंदू फ्रंट ने उपायुक्त कार्यालय नंद नगरी के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। भूख हड़ताल में प्रचार सचिव मदन लाल माहौर बैठे है।

सूर्यप्रकाश अध्यक्ष और छिकारा राष्ट्रीय महासचिव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें एस सूर्यप्रकाश को राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रियवृत छिकारा को दोबारा राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी चुने गए।

'अस्पताल के सिलेंडर हादसे को दावत दे रहे'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल सरकार के अरुणा आसफ अली अस्पताल में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए ऑक्सीजन के सिलेंडर बेसमेंट में रखे हैं जो मरीजों के लिए बेहद खतरनाक हैं।

कलस्टर बस की कई वाहनों से टक्कर, महिला की मौत

- देशबंधु गुप्ता रोड पर सुबह हुआ हादसा
- पुलिस ने प्रारंभिक जांच में ब्रेक फेल होने की बात कही

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

देशबंधु गुप्ता रोड (जीडीबी) थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक कलस्टर बस चालक ने कई वाहनों में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल एक बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि हादसे में घायल हुए लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

करोलबाग में तेज रफ्तार बस ने तीन ऑटो, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी के अलावा एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। मौके पर मौजूद लोगों ने जैसे-तैसे कर घायलों को निजी वाहनों, पीसीआर और एंबुलेंस की मदद से आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान भागो देवी (65) की मौत हो गई। वहीं, घायल अनिल (22), मनोज (23), सिद्धार्थ (22) और एक अन्य शख्स का जीवन माला अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं, हादसे में घायल अन्य चार लोगों की हालत स्थिर बनी हुई है। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि कलस्टर बस का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके बाद चालक अपना नियंत्रण खो बैठा था। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि चालक हादसा के समय नशे में था। फिलहाल पुलिस डीबीजी रोड़ थाना पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है और चालक जोगिंदर सिंह (48) को गिरफ्तार कर लिया है और बस जब्त कर ली है।

जानकारी के मुताबिक नंद नगरी टर्मिनल से आनंद पर्वत के बीच चलने वाली रूट संख्या-212 की क्लस्टर बस सोमवार सुबह नंद नगरी टर्मिनल से आनंद पर्वत जा रही थी। इसी दौरान सुबह करीब आठ बजकर 20 मिनट पर बस करोलबाग एमसीडी जोन के पास पहुंची, तभी अचानक बस का ब्रेक फेल हो गए। इस बाद बस चालक ने सामने के कई वाहनों में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शी रमेश कुमार ने बताया कि हादसे के दौरान बस की रफ्तार तेज थी। वाहनों से टकराने के बाद बस करीब 100 मीटर दूर एक एक डिवाइडर से टकराने के बाद रुकी। हादसे के दौरान बस चालक और कंडक्टर मौके से भागने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को पड़क उसकी जमकर पिटाई करने के बाद सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। राहगीर हरीराम ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल चीखों से गूंज उठा। हादसे के बाद करोल बाग से लेकर तीस हजारी कोर्ट तक जाम का असर देखने को मिला। वाहन चालक करीब एक घंटे तक जाम से जूझते रहे। बाद में यातायात पुलिस ने स्थानीय पुलिस व लोगों की मदद स्थिति पर काबू पाया।

बदला मौसम

दिल्ली में सोमवार को हुई झमाझम बारिश के दौरान छाता लगाकर जाता व्यक्ति। फोटो : अरुण चोपड़ा

दिल्ली कांग्रेस में घमासान जारी

तीन पूर्व मेयर के साथ कई निगम नेता चाको से मिले

- राहुल गांधी से मिलने का मांगा समय
- शीला दीक्षित की कार्यशैली से नाराजगी की चर्चा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित द्वारा दिल्ली के सभी 280 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को पद से हटाने के फरमान के बाद से दिल्ली कांग्रेस में जारी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर दीक्षित ने नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है तो दूसरी ओर उनके इस कदम की मुखालफत भी जारी है। प्रदेश के कई पूर्व विधायकों द्वारा दीक्षित के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद किए जाने के बाद दिल्ली के तीनों नगर निगमों से ताल्लुक रखने वाले नेता भी सक्रिय हो गए हैं।

दिल्ली के कई पूर्व विधायकों सहित प्रदेश के अन्य नेताओं ने शनिवार को दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको से मुलाकात कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रदेश कांग्रेस की कार्यशैली को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया था। उसके बाद सोमवार को दिल्ली के तीन पूर्व मेयर सहित दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल के कई वरिष्ठ नेताओं सहित 12 से अधिक कांग्रेसियों ने चाको से उनके निवास पर मुलाकात कर अपनी बात रखी। नई दिल्ली जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद वीरेन्द्र कसाना ने मुलाकात की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका दीक्षित से कोई विरोध नहीं है लेकिन उनकी कार्यशैली से वे कतई खुश नहीं हैं। मुलाकात का मकसद विरोध को पार्टी हाईकमान तक पहुंचाना था। हालांकि पूर्व महापौर फरहाद सूरी ने कहा कि वे चाको से मिले जरूर हैं लेकिन यह एक सामान्य मुलाकात थी और इसे किसी के विरोध से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

दिलचस्प यह है कि दिल्ली नगर निगम में अहम पद पर काबिज कांग्रेस के कई नेता दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी चाको से मिलने उनके घर जरूर गए लेकिन उन्होंने इस मुलाकात से साफ इनकार कर दिया। उनके साथ गए कसाना और सूरी ने माना कि नगर निगमों के प्रमुख नेता भी उनके साथ थे लेकिन जब इन नेताओं से संपर्क साधा गया तो एक नेता ने कहा कि वे तो सदन की कार्यवाही में व्यस्त थे। सूत्रों की मानें तो इन तमाम कांग्रेसी नेताओं की मौजूदगी में पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के दफ्तर में फोन कर इन नेताओं की भावनाओं से उन्हें अवगत कराया और आग्रह किया कि इन नेताओं को गांधी से मिलने का समय दिया जाए। बताया गया कि गांधी मंगलवार को इन नेताओं से मिल सकते हैं।

कांग्रेस पार्षद ने मेयर व आयुक्त के कमरे के बाहर फेंका कूड़ा

उत्तरी दिल्ली नगर निगम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक के दौरान सोमवार को उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई जब कांग्रेस पार्षद गुड्डी देवी ने विरोध प्रदर्शन का विचित्र तरीका अपनाते हुए मेयर और आयुक्त के कार्यालयों के बाहर कूड़ा फेंका और अपने वार्ड में गंदगी के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। बाद में निगम कर्मचारियों ने कूड़ा हटाकर साफ सफाई की और पार्षदों को उनके इलाके में सफाई अभियान दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

सदन की कार्यवाही शालीमार बाग उत्तरी के पार्षद रेणु जाजू के निधन के मद्देनजर सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। रेणु जाजू निगम की हिंदी समिति के उपाध्यक्ष पद पर भी रहीं थीं। बैठक स्थगित कर लोग जाजू की भाजपा में योगदान की चर्चा कर रहे थे तभी मलकागंज से पार्षद गुड्डी देवी ने पहले उत्तरी दिल्ली के मेयर अवतार सिंह के कार्यालय के बाहर सूखा कूड़ा फेंका और फिर आयुक्त वर्षा जोशी के कार्यालय के दरवाजे के ठीक सामने कूड़ा फेंककर विरोध प्रकट किया। कूड़ा फेंकने के दौरान हंगामा हो गया। हंगामे के बाद आयुक्त वर्षा जोशी अपने कार्यालय से बाहर आईं और इलाके की सफाई का आदेश दिया। पार्षद गुड्डी देवी ने आरोप लगाया कि वह एक बच्चे के अंतिम संस्कार में गई थीं, जिसका शोकाकुल परिवार कूड़े के ढेर के पास बैठा हुआ था। अगर मेरे वार्ड में लोग कूड़े के ढेर के करीब रह सकते हैं तो इन बड़े अधिकारियों को भी पता चलना चाहिए।

'अस्पताल में पंखा गिरने से पहले ही चेताया था'

उत्तरी दिल्ली निगम में विपक्ष के नेता सुरजीत सिंह पवार ने हिंदू राव अस्पताल में छत से पंखा गिरने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही निगम अधिकारियों को चेताया था। उन्होंने बताया कि विपक्ष की नेता ही हैसियत से अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं की कमी, पीने के पानी और भ्रष्टाचार देखा। अस्पताल की जर्जर हालत के लिए निगम आयुक्त व मेयर को भी अवगत कराया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी स्कूलों में पंखा गिरने से विचलित दिखे थे तो अब निगम अस्पताल की बदहाली पर वे चुप क्यों बैठे हैं।

एक्सप्रेस-वे : डायल 100 की तर्ज पर काम करेगा रोडवेज नियंत्रण कक्ष

डायल 149

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 15 जुलाई।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर गत दिनों हुए बस हादसे के बाद परिवहन निगम ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पहल की है। एक्सप्रेस-वे पर बस के दुर्घटनाग्रस्त होने समेत अन्य सड़क दुर्घटना होने पर रोडवेज के नियंत्रण कक्ष नंबर 149 पर शिकायत दर्ज कराते ही मदद पहुंचेगी।

इसके लिए निगम ने इंटरसेप्टर वाहन के प्रवर्तन को सतर्क रहने और सूचना मिलने पर तुरंत मदद पहुंचाने के निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा परिवहन निगम के नियंत्रण कक्ष नंबर 149 को डायल 100 और महिला हेल्पलाइन 1090 से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। ताकि निगम के प्रवर्तन दल के साथ नजदीकी थाना पुलिस के सदस्य घटना स्थल पर पहुंचकर यात्रियों की मदद कर सकें।

परिवहन निगम के नोएडा क्षेत्रीय कार्यालय से नोएडा डिपो के अलावा मेरठ, मथुरा, अलीगढ़, आगरा, सहारनपुर, कोटद्वार डिपो संबद्ध हैं। नोएडा में करीब तीन महीने पहले उपलब्ध कराई गई पिंक परिवहन बसों की जांच के लिए दो इंटरसेप्टर वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इंटरसेप्टर वाहनों में प्रवर्तन दल की तैनाती की गई। जिसमें यातायात निरीक्षक और एक महिला सदस्य को शामिल किया गया है। नोएडा डिपो के एआरएम अनुराग यादव के मुताबिक इंटरसेप्टर वाहन में प्रवर्तन दल पहले से तैनात है।

बिजली चोरी से जुड़े मामलों के लिए अब अलग थाना

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 15 जुलाई।

बिजली चोरी रोकने और बकाया बिल वसूली के लिए शहर का पहला बिजली थाना सेक्टर-63 में शुरू होगा। करीब एक महीने बाद शुरू होने वाले इस थाने के लिए मेरठ मुख्यालय ने प्रदेश सरकार से दो साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर पुलिस बल लिया है। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी हो रही है। इस वजह से जहां शहरी क्षेत्र में लाइन लॉस पांच से सात फीसद है। वहीं गांवों में यह 20-30 फीसद तक है।

नोएडा में बिजली थाना शुरू होने के बाद पश्चिमांचल के गाजियाबाद और मेरठ में भी इन्हें खोला जाएगा। सीओ सतर्कता (विजिलेंस) अनीता उपाध्याय ने बताया एक प्रभारी निरीक्षक, दो से तीन उप निरीक्षक समेत चार सिपाही आदि बिजली थाने में तैनात किए जाएंगे। बिजली थाना क्षेत्राधिकारी सतर्कता, एसपी सतर्कता, मुख्य अभियंता व प्रबंध निदेशक को बिजली चोरी के मामलों की रिपोर्ट सौंपेंगे। अधिकारियों ने बताया कि छिजारसी, चोटपुर, गढ़ी चौखंडी, सर्फाबाद, सोहरखा, कुलेसरा, बरौला, सदरपुर, छलेरा, सलारपुर, भंगेल समेत दादरी, जेवर व दनकौर में बिजली चोरी चरम पर है। शहर में बिजली चोरी के औसतन 60-70 मामले हर महीने प्रकाश में आते हैं। जिन्हें स्थानीय थाने में बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया जाता है। स्थानीय पुलिस स्तर पर कार्रवाई न होने पर बिजली चोरी के मामले लंबित रहते हैं।

बिल्डर-खरीदार विवाद का समाधान नोएडा सीईओ की प्राथमिकता

रितु महेश्वरी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 15 जुलाई।

प्राधिकरण के सीईओ के रूप में तेज तर्रार छवि वाली आइएएस रितु महेश्वरी ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। सेक्टर- 6 स्थित प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक भवन का निरीक्षण करने के बाद सीईओ ने सभी फाइलों को ब्यौरे को कंप्यूटरीकृत और इमारत के अग्निशमन और इलेक्ट्रिक सुरक्षा के लिहाज से दुरुस्त करने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। शहर के प्रत्येक घर से निकलने वाले कचरे को इकट्ठा व निस्तारण, जल संचयन, यातायात, ढांचागत सुधार और विकासशील परियोजनाओं को समय से पूरा करने की प्राथमिकता बताई। अवैध निर्माण परअधिसूचित जमीन पर हुए अतिक्रमण की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। साथ ही शहर में बिल्डर-खरीदार समस्या को अहम बताते हुए मामले के निस्तारण को प्राथमिकता बताई है।

आर्थिक लिहाज से प्राधिकरण को मजबूती प्रदान करने और राजस्व बढ़ाने के लिए के लिए संपत्तियां आबंटित करने की जल्द योजना निकालने की मंशा जताई। बकाया वसूली पर सख्ती, शहर के सभी 900 पार्कों में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने पर जोर दिया। आबंटियों की समस्याओं पर मॉनीटरिंग मोबाइल एप शुरू करने के निर्देश दिए।

हरियाणा : ऑनलाइन व्यवस्था से हजारों विद्यार्थी नहीं पा सके प्रवेश

फरीदाबाद,15 जुलाई (जनसत्ता)।

शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते सरकारी स्कूलों में 9 से 12वीं तक की कक्षाओं में दाखिला पाने के लिए विद्यार्थियों के अभिभावक दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। दाखिले मई माह के अंत तक ही खुले थे। ऐसे में अकेले फरीदाबाद जिले में ही हजारों छात्र दाखिले से वंचित रह गए हैं। हरियाणा में बेटियां भी अब स्कूल में दाखिला न मिलने के कारण घर बैठने को मजबूर हैं। ऑनलाइन व्यवस्था के चलते छात्र-छात्राएं दाखिला प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए। सरकारी स्कूलों में दाखिले की अंतिम तिथी 31 मई थी।

नौंवी, दसवीं, ग्यारहवी और बारहवीं कक्षा के लिए प्रवेश के लिए ज्यादातर छात्र हरियाणा शिक्षा बोर्ड के ही हैं। इसराय ख्वाजा स्कूल में दाखिले के लिए 200 से अधिक छात्र चक्कर काट कर रहे हैं। ऐसा ही हाल ओल्ड गर्ल्स स्कूल और बल्लभगढ़ के राजकीय विघालय का है। जिले में हजारों स्कूल के छात्र अपने अभिभावकों के साथ सरकारी स्कूलों से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन दाखिले की तारीख न होने के कारण अधिकारियों के भी हाथ बंधे हुए हैं।

बताया जा रहा है कि दाखिला प्रक्रिया की जटिलता के चलते हजारों छात्र समय रहते दाखिला नहीं ले पाए। हालांकि इनमें ज्यादातर ने समय रहते स्कूल में दाखिले के आवेदन दे दिए थे। शिक्षा मंत्री रामबिलाश शर्मा ने बीते साल भी दावा किया था कि किसी भी गरीब छात्र को परिस्थितिवश सरकारी स्कूल में दाखिले से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

गंदे पानी को साफ कर इस्तेमाल कर रहा है डीटीयू



ऐसे होता है पानी का शुद्धीकरण

संयंत्र में गंदे जल को फिल्टर कर प्लास्टिक को अलग किया जाता है। उसके बाद गंदे जल को फव्वारों से 6 ट्रे-स्टैग में डाला जाता है। उनमें पापुलर की लकड़ी की कतरनें होती हैं। उनके नीचे बारीक और मध्यम आकार की बजरी और मोटे पत्थर की तह बनाई गई है। इन सब के बाद पानी साफ होकर एक बायो फिल्टर पिट में एकत्रित हो जाता है

सुशील राघव
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

दिल्ली में वायु प्रदूषण के साथ ही जल प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है। नालों में बहता गंदा जल जहां बदबू फैलाता है, वहीं भू-जल को भी प्रदूषित कर रहा है। इस समस्या के निदान के लिए दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने एक कोशिश शुरू की है। विवि आधुनिक और परंपरागत तकनीकों से मल-जल का शुद्धिकरण करके उसका उपयोग पौधों में करने के साथ ही पानी से बचे अपशिष्ट से केंचुए की जैविक खाद भी तैयार कर रहा है।

डीटीयू के कुलपति प्रो योगेश सिंह ने बताया कि हमारी सोच है कि प्रदूषण को कम करने के अधिक से अधिक उपाय किए जाएं और यह प्लांट इसी सोच पर आधारित है। विवि के मुख्य द्वार के साथ बने मल-जल शोधन सयंत्र (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) में विवि परिसर से जमा हुए गंदे पानी व सीवरेज के पानी को शुद्ध करके पौधों में देने के काबिल बनाया जाता है। तकरीबन 1.90 करोड़ रुपए की लागत से बने एक एमएलडी प्रतिदिन की क्षमता वाले इस संयंत्र में जल शोधन की वैज्ञानिक विधियों के साथ ही परंपरागत विधियों का भी उपयोग किया गया है।

ओजोन गैस से होता है जिवाणुओं का खात्मा

जल के शुद्धिकरण के बावजूद भी उसमें 10 फीसद तक जिवाणु और बदबू जैसी अशुद्धियां रह जाती हैं। इनको हटाने के लिए इस पानी को ओजोन टैंक में लाया जाता है। यहां लैब में ऑक्सीजन के अणुओं को तोड़ कर तैयार की जा रही ओजोन को 300 मिलीलीटर प्रति घंटा की दर से इस पानी में मिलाया जाता है। इसके बाद यह पानी पूरी तरह से साफ हो जाता है। फिलहाल इस साफ पानी को संयंत्र के आस-पास के पौधों व पार्को में उपयोग किया जा रहा है।

केंचुए की खाद भी बनाई जाती है

पापुलर की लकड़ी के छोटे-छोटे टुकड़ों में आस्ट्रेलियन केंचुए भी छोड़े गए हैं। ये केंचुए पानी में मौजूद जिवाणुओं को खत्म करते हैं। आस्ट्रेलियन केंचुओं का इस्तेमाल इस लिए किया जाता है क्योंकि यह बहुत जल्दी प्रजनन करते हैं और लकड़ी के टुकड़ों के गलने के बाद उन्हें जैविक खाद में परिवर्तित कर देते हैं। खाद बनने की इस प्रक्रिया में 6 से 8 महीने का समय लगता है। उसके बाद इस खाद को पौधों में डालने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

राहुल देव को हरिदत्त शर्मा पुरस्कार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,15 जुलाई।

वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव को एक समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार दिया। समारोह में डॉ हर्षवर्धन के अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह, पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु, कांग्रेस नेता जनार्दन द्विवेदी, विवेकानंद योग विवि के डॉ एचआर नागेंद्र, पत्रकार विनोद अग्निहोत्री, लेखक और कवि अशोक चक्रधर, एशियाई फिल्म और टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष संदीप मारवाह और आयोजक राज कुमार शर्मा भी मौजूद थे। पंडित हरिदत्त शर्मा जयंती पुरस्कार समिति हर साल किसी योग्य पत्रकार को सम्मान देती है। पंडित शर्मा, पत्रकार लेखक, विचारक और सामाजिक कार्यकर्ता, कुशल प्रशासक और राजनीतिज्ञ थे।

नई दिल्ली

बाबरी ध्वंस : सुनवाई पूरी करने के लिए विशेष जज ने छह महीने का वक्त मांगा

नई दिल्ली, 15 जुलाई (भाषा)।

अयोध्या में विवादास्पद बाबरी मस्जिद ढांचा गिराए जाने से संबंधित मुकदमे की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश ने इसकी सुनवाई पूरी करने के लिये छह महीने का समय और उपलब्ध कराने के अनुरोध के साथ सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक आवेदन दायर किया। इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, डॉ. मुरली मनोहर जोशी और कई अन्य नेताओं पर मुकदमा चल रहा है। विशेष न्यायाधीश ने मई में शीर्ष अदालत को एक पत्र लिखकर सूचित किया है कि वह 30 सितंबर, 2019 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

न्यायमूर्ति आरएफ नरिमन की अध्यक्षता वाले पीठ के समक्ष यह मामला सोमवार को विचार के लिए सूचीबद्ध था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार से 19 जुलाई तक जानना चाहा है कि क्या ऐसी कोई व्यवस्था है, जिसमें विशेष न्यायाधीश द्वारा इस मामले में फैसला सुनाए जाने तक उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सके।

आसाराम को नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली, 15 जुलाई (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात में दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले में कथावाचक आसाराम की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एनवी रमण और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी के पीठ को गुजरात सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सूचित किया कि इस मामले में मुकदमे की सुनवाई चल रही है और अभी 10 गवाहों की गवाही होनी बाकी है।

सूरत की रहने वाली दो बहनों ने 2001 से 2006 के दौरान अमदाबाद के निकट स्थित आश्रम में आसराम और उनके बेटे नारायण साई द्वारा उनके साथ बलात्कार करने और उन्हें बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाते हुये शिकायत दर्ज कराई थी।

सार्वजनिक सूचना

प्रपत्र आईएनसी–26

[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

केन्द्र सरकार, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष

कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 (5) (6) के विषय में तथा बेस्ट प्रोविल्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय एल–54, द्वितीय तल, [illegible], अशोक विहार फेज–1, दिल्ली –110052, भारत में स्थित है, के विषय में

आवेदक

[illegible]

हस्ता./–
राकेश कुमार
निदेशक
डीआईएन – 08222053
69–ए, [illegible] कालोनी,
पटपड़ विहार–1, दिल्ली–110057

तिथि : 00–00–2019
स्थान : दिल्ली

Trusted Since 1906

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय : 3, मिडलटन स्ट्रीट, कोलकाता–700071

CIN : U10200WB1906GOI001713

IRDAI Reg. No. 58

फोन / फैक्स : (033) 2283-1717

ई–मेल : ncd.coordinator@nic.co.in

वेबसाइट : https://nationalinsurance.nic.co.in

सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के नियम 47 के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक **वृहस्पतिवार, 25 जुलाई, 2019** को अपराह्न 2.00 बजे कंपनी के प्रधान कार्यालय, 3 मिडलटन स्ट्रीट, कोलकाता – 700 071 में होगी, जिसमें 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कंपनी के वार्षिक–लेखा एवं अन्य बातों के साथ–साथ उनके अनुमोदन व अपनाने हेतु विचार विमर्श किया जाएगा।

उक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट https://nationalinsurance.nic.co.in और बीएसई एवं एनएसई की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
वास्ते **नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**
हस्ता/–
रीना माडिया
कंपनी सचिव

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 12.07.2019

Ad UIN : 017/19-20

SOUTH INDIAN Bank

क्षेत्रीय कार्यालय : दिल्ली 1/18–20, व्हाइट हाउस, द्वितीय तल, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली–110055 फोन : 011–23610400, Email: ro1008@sib.co.in CIN: L65191KL1929PLC001017

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 (1) के साथ पठित अधिनियम के रूप में संदर्भित) की धारा 13 (2) के अधीन सूचना

[illegible]

प्रत्याभूत आस्तियों की अनुसूची
अनुसूची "क"

[illegible]

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
(मुख्य प्रबंधक)

तिथि : 16.07.2019
स्थान : नोएडा

This is an advertisement issued, pursuant to Regulation 8(1) of the SEBI (Issue and Listing of Debt Securities) Regulations, 2008 as amended, for information purposes only

SHRIRAM
Transport Finance Company Limited

A WINNING RELATIONSHIP

Shriram Transport Finance Company Limited

Shriram Transport Finance Company Limited (our "**Company**"), a public limited company was incorporated under the Companies Act, 1956 pursuant to a certificate of incorporation dated June 30, 1979, issued by the Registrar of Companies, Chennai, Tamil Nadu (Registered as a deposit taking Non-Banking Financial Company within the meaning of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934)). Our Company has obtained a certificate of registration dated September 4, 2000 bearing registration no. A-07-00459 issued by the RBI to carry on the activities of a NBFC under section 45 IA of the RBI Act, 1934, which has been renewed on April 17, 2007, (bearing registration no. 07-00459). Our Company is a Deposit taking Non-Banking Financial Company. For further details, please see "General Information" and "History, Main Objects and Key Agreements" on pages 42 and 123 respectively of the Shelf Prospectus.

Corporate Identification Number: L65191TN1979PLC007874; **Registered Office:** Mookambika Complex, 3rd Floor, No. 4, Lady Desika Road, Mylapore, Chennai, Tamil Nadu- 600 004. **Tel No:** +91 44 2499 0356, **Fax:** +91 44 2499 3272, **Corporate Office:** Wockhardt Towers, West Wing, Level-3, C-2, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051. **Tel No:** +91 22 4095 9595, **Fax:** +91 22 4095 9596/97; **Website:** www.stfc.in

Compliance Officer and Contact Person: Mr. Vivek Madhukar Achwal; **E-mail:** stfcncd9t1comp@stfc.in

Our Promoter is Shriram Capital Limited. For details of our Promoter, please see "Our Promoter" on page 140 of the Shelf Prospectus.

PUBLIC ISSUE BY SHRIRAM TRANSPORT FINANCE COMPANY LIMITED, ("COMPANY" OR "ISSUER") OF 10,00,00,000 SECURED REDEEMABLE NON-CONVERTIBLE DEBENTURES OF FACE VALUE OF ₹ 1,000 EACH, ("NCDs"), FOR AN AMOUNT OF ₹ 30,000 LACS ("BASE ISSUE SIZE") WITH AN OPTION TO RETAIN OVER SUBSCRIPTION AGGREGATING UP TO ₹ 10,00,000 LACS ("THE SHELF LIMIT") AND IS BEING OFFERED BY WAY OF THE TRANCHE 1 PROSPECTUS DATED JULY 12, 2019 CONTAINING, INTER ALIA, THE TERMS AND CONDITIONS OF THE TRANCHE 1 ISSUE ("TRANCHE 1 PROSPECTUS"), WHICH SHOULD BE READ TOGETHER WITH THE SHELF PROSPECTUS DATED JULY 9, 2019 ("SHELF PROSPECTUS") FILED WITH THE REGISTRAR OF COMPANIES, CHENNAI, TAMIL NADU, DESIGNATED STOCK EXCHANGE AND SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA UNDER THE PROVISIONS OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE AND LISTING OF DEBT SECURITIES) REGULATIONS, 2008 AS AMENDED (THE "DEBT REGULATIONS") AND THE COMPANIES ACT, 2013 AND RULES MADE THEREUNDER AS AMENDED. THE SHELF PROSPECTUS TOGETHER WITH THE TRANCHE 1 PROSPECTUS CONSTITUTES THE PROSPECTUS ("PROSPECTUS").

Credit Rating : 'CARE AA+; Stable' by CARE Ratings Limited ("CARE"), 'IND AA+; Outlook Stable' by India Ratings and Research Private Limited ("India Ratings") and 'CRISIL AA+/Stable' by CRISIL Limited ("CRISIL")

SPECIFIC TERMS AND CONDITIONS IN CONNECTION WITH EACH SERIES/TRANCHE OF NCDs

Series*	I	II	III	IV	V	VI	VII	VIII	IX	X
Interest type	Fixed	Fixed	Fixed	Fixed	Fixed	Fixed	Fixed	Fixed	Fixed	Fixed
Interest reset process	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA
Frequency of Interest Payment	Monthly	Monthly	Monthly	Annual	Annual	Annual	Annual	Cumulative	Cumulative	Cumulative
Tenor	42 months	60 months	84 months	30 months	42 months	60 months	84 months	42 months	60 months	84 months
Coupon (%) for all categories of investors	9.12%	9.22%	9.31%	9.30%	9.50%	9.60%	9.70%	NA	NA	NA
Effective Yield (% per annum) (Approx) for all investor categories**	9.50%	9.61%	9.71%	9.33%	9.52%	9.59%	9.68%	9.50%	9.60%	9.70%
Redemption amount (₹ per NCD)	1,000	1,000	1,000	1,000	1,000	1,000	1,000	1,374.75	1,582.25	1,912.80
Put and call option	NA									
Redemption Date (Months from the Deemed Date of Allotment)	42 months	60 months	84 months	30 months	42 months	60 months	84 months	42 months	60 months	84 months
Minimum Application	₹ 10,000 (10 NCDs) across all Series collectively									
In multiples of thereafter	₹ 1,000 (1 NCD)									
Face Value / Issue Price (₹ / NCD)	₹ 1,000 (1 NCD)									
Mode of Interest Payment	Through various options available									

*Our Company shall allocate and allot Series VII NCDs wherein the Applicants have not indicated their choice of the relevant NCD Series. Therefore, instructions will be given to the Designated Intermediaries to indicate Series VII as the Applicant's choice of the relevant NCD Series wherein the Applicants have not indicated their choice. If the Deemed Date of Allotment undergoes a change, the coupon payment dates, Redemption Dates, Redemption Amounts and other cash flow workings shall be changed accordingly.

** The initial allottees under Category III and Category IV in the proposed Tranche 1 Issue who are Senior Citizens on the Deemed Date of Allotment shall be eligible for an additional incentive of 0.25% p.a. provided the NCDs issued under the proposed Tranche 1 Issue are continued to be held by such investors under Category III and Category IV on the relevant Record Date for the relevant Interest Payment Date for Series I, Series II, Series III, Series IV, Series V, Series VI and/or Series VII. Accordingly, the amount payable on redemption to such Senior Citizens for NCDs under Series VIII, Series IX and Series X is ₹ 1,385.80, ₹ 1,600.40 and ₹ 1,943.55 per NCD respectively provided the NCDs issued under the proposed Tranche 1 Issue are continued to be held by such investors under Category III and Category IV on the relevant Record Date for the relevant Redemption Date for the Series VIII, Series IX and Series X.

TRANCHE 1 ISSUE SCHEDULE*

TRANCHE 1 ISSUE OPENS ON: WEDNESDAY, JULY 17, 2019

TRANCHE 1 ISSUE CLOSES ON: FRIDAY, AUGUST 16, 2019

ASBA* Simple, Safe, Smart way of Application

* Application supported by Blocked amount ("ASBA") is better way of applying to issues by simple blocking the fund in the bank account. For future details, check section on ASBA.
Mandatory in public issues from October 01, 2018. No Cheques will be accepted.

*The Tranche 1 Issue shall remain open for subscription on Working Days from 10 a.m. to 5 p.m. (Indian Standard Time) during the period indicated above, except that the Tranche 1 Issue may close on such earlier date or extended date as may be decided by the Board of Directors of our Company or duly constituted Debt Issuance Committee - Public NCDs thereof, subject to necessary approvals. In the event of an early closure or extension of the Issue, our Company shall ensure that notice of the same is provided to the prospective investors in all those newspapers in which an advertisement for opening or closure of the Tranche 1 Issue have been given on or before such earlier or initial date of Tranche 1 Issue closure. On the Tranche 1 Issue Closing Date, the Application Forms for Tranche 1 Issue will be accepted only between 10 a.m. and 3 p.m. (Indian Standard Time) and uploaded until 5 p.m. or such extended time as may be permitted by the Stock Exchanges. For further details, please refer to the section titled "General Information" on page 15 of the Tranche 1 Prospectus.

Information required under Section 30 of the Companies Act, 2013: Contents of the Memorandum of Association of the Company as regards its objects: For information on the main objects of our Company, see "History, Main Objects and Key Agreements" on page 123 of the Shelf Prospectus. The Memorandum of Association of the Company is a document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section titled "**MATERIAL CONTRACTS AND DOCUMENTS FOR INSPECTION**" on page 98 of the of the Tranche 1 Prospectus.

Liability of Members: Limited

Amount of share capital of the Company and Capital Structure as at the date of the Prospectus is: The authorised share capital of our Company is ₹ 1,59,700 lakhs divided into 64,70,00,000 Equity Shares of ₹ 10 each and 9,50,00,000 Preference Shares of ₹ 100 each. The issued and subscribed capital is divided into 226,886,877 Equity Shares of ₹ 10 each and 226,882,736 Equity Shares of ₹ 10 each, respectively. The paid-up capital is divided into 22,68,82,736 Equity Shares of ₹ 10 each. For further details, see the section titled "**Capital Structure**" on page 72 of the Shelf Prospectus.

Names of the signatories at the time of signing of the Memorandum of Association of the Company and the number of shares subscribed by them at the time of signing the Memorandum of Association: R. Thyagarajan, L. S. Gopalan, Ravi C. Talwar, A.V.S. Raja, M. V. Seethapathy, R. Venkataswamy and C. N. Mohan Raj were allotted 1 equity share each at the time of signing of the Memorandum of Association of the Company aggregating to 7 Equity Shares of face value ₹ 10 each.

LISTING: The NCDs offered through the Tranche 1 Issue are proposed to be listed on the National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**") and the BSE Limited ("**BSE**"). Our Company has obtained an 'in-principle' approval for the Issue from the NSE vide their letter dated July 8, 2019 and from the BSE vide their letter dated July 8, 2019. For the purposes of the Issue, NSE shall be the Designated Stock Exchange.

DISCLAIMER CLAUSE OF BSE: It is to be distinctly understood that the permission given by BSE should not in any way be deemed or construed that the Prospectus has been cleared or approved by BSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Prospectus. The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the Disclaimer Clause of the BSE.

DISCLAIMER CLAUSE OF USE OF BSE ELECTRONIC PLATFORM: It is to be distinctly understood that the permission given by BSE to use their network and software of the Online system should not in any way be deemed or construed that the compliance with various statutory requirements approved by the Exchange; nor does it in any manner warrant, certify or endorse the correctness or completeness of any of the compliance with the statutory and other requirements nor does it take any responsibility for the financial or other soundness of this Company, its promoters, its management or any scheme or project of this Company.

It is also to be distinctly understood that the approval given by BSE is only to use the software for participating in system of making application process.

DISCLAIMER CLAUSE OF NSE: It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the Disclaimer Clause of the NSE.

DISCLAIMER CLAUSE OF USE OF NSE ELECTRONIC PLATFORM: It is to be distinctly understood that the permission given by NSE to use their network and Online Platform for facilitating applications for public issue of NCDs shall not in any way be deemed or construed as compliance with statutory and other requirements by the Company, LMs are cleared or approved by NSE; nor does it in any manner warrant, certify or endorse the correctness or completeness of any of the compliance with the statutory and other requirements nor does it take any responsibility for the financial or other soundness of this Issuer, its promoters, its management or any scheme or project of this Issuer.

DISCLAIMER CLAUSE OF RBI: The company is having a valid certificate of registration dated April 17, 2007 issued by the Reserve Bank of India under section 45-IA of the Reserve Bank of India act, 1934. However, the RBI does not accept any responsibility or guarantee about the present position as to the financial soundness of the company or for the correctness of any of the statements or representations made or opinions expressed by the Company and for repayment of deposits/ discharge of liability by the Company.

CREDIT RATING: The NCDs proposed to be issued under this Issue have been rated 'CARE AA+; Stable' by CARE Ratings Limited ("**CARE**") for an amount of up to ₹ 10,00,000 lacs vide its letter dated June 28, 2019, 'CRISIL AA+/Stable' by CRISIL Limited ("**CRISIL**") for an amount of up to ₹ 10,00,000 lacs vide its letter dated June 26, 2019 and 'IND AA+; Outlook Stable' by India Ratings and Research Private Limited ("**India Ratings**") for an amount of up to ₹ 10,00,000 lacs vide its letter dated June 25, 2019. The rating of the NCDs by CARE, CRISIL and India Ratings indicate that instruments with this rating are considered to have high degree of safety regarding timely servicing of financial obligations and carry very low credit risk. The ratings provided by CARE and/or CRISIL and/or India Ratings may be suspended, withdrawn or revised at any time by the assigning rating agency and should be evaluated independently of any other rating. These ratings are not a recommendation to buy, sell or hold securities and investors should take their own decisions. Please refer to Annexures A, B and C of the Tranche 1 Prospectus for the rationale for the above ratings.

AVAILABILITY OF APPLICATION FORM: Application Forms can be obtained from: Shriram Transport Finance Company Limited, **Tel No:** +91 44 2499 0356, **Fax:** +91 44 2499 3272; Lead Managers to the Issue: **JM Financial Limited, Tel:** +91 22 6630 3030, **Fax:** 91 22 6630 3330; **A. K. Capital Services Limited, Tel:** +91 22 6754 6500/ 6634 9300, **Fax:** +91 22 6610 0594 and **SMC Capitals Limited, Tel:** +91 22 66481818; **Fax:** +91 22 67341697 and offices of Members of the Syndicate, Trading Members and Designated Branches of the SCSBs. Application Forms may be downloaded from the websites of NSE, BSE and the Lead Managers.

AVAILABILITY OF PROSPECTUS: Investors are advised to refer to the Prospectus and the Risk Factors contained therein, before applying in the Issue. Physical copy of the Prospectus may be obtained from the Registered Office of the Company and the Lead Managers. Full copy of the Prospectus is available on the website of the Issuer at www.stfc.in, of the Lead Managers at www.jmfl.com, www.akgroup.co.in and www.smccapitals.com of BSE at www.bseindia.com, of NSE at www.nseindia.com of SEBI at www.sebi.gov.in.

PUBLIC ISSUE ACCOUNT BANK AND REFUND BANK: ICICI Bank Limited

LEAD MANAGERS TO THE ISSUE			DEBENTURE TRUSTEE	REGISTRAR TO THE ISSUE
JM FINANCIAL	a.k.	smc capitals	CATALYST	Integrated
JM Financial Limited 7th Floor, Cnergy, Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi, Mumbai 400025 **Tel:** +91 22 6630 3030 **Fax:** 91 22 6630 3330 **Email:** stfc.bondissue2019@jmfl.com **Investor Grievance Email:** grievance.ibd@jmfl.com **Website:** www.jmfl.com **Contact Person:** Ms. Prachee Dhuri **Compliance Officer:** Mr. Sunny Shah **SEBI Regn. No.:** INM000010361	**A. K. Capital Services Limited** 30-38, 3rd Floor, Free Press House, Free Press Journal Marg, 215, Nariman Point, Mumbai - 400 021, India **Tel:** +91 22 6754 6500/ 6634 9300 **Fax:** +91 22 6610 0594 **Email:** stfc.ncd2019@akgroup.co.in **Investor Grievance Email:** investor.grievance@akgroup.co.in **Website:** www.akgroup.co.in **Contact Person:** Mr. Krish Sanghvi/ Mr. Malay Shah **Compliance Officer:** Mr. Tejas Davda **SEBI Registration No.:** INM000010411	**SMC Capitals Limited** A-401/402, Lotus Corporate Park, Jai Coach Junction, Off Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai 400063 **Tel:** +91 22 66481818; **Fax:** +91 22 67341697 **Email:** stfc.ncd2019@smccapitals.com **Investor Grievance Email:** investor.grievance@smccapitals.com **Website:** www.smccapitals.com **Contact Person:** Mr. Satish Mangutkar/ Mr. Bhavin Shah **Compliance Officer:** Ms. Vaishali Gupta **SEBI Registration Number:** INM000011427	**Catalyst Trusteeship Limited**** 'GDA House', Plot No 85, Bhusari Colony (Right), Kothrud, Pune – 411038 **Tel:** 022 4922 0543 **Fax:** 022 4922 0505 **Email:** ComplianceCTL-Mumbai@ctltrustee.com **Investor Grievance Email:** grievance@ctltrustee.com **Website:** www.catalysttrustee.com **Contact Person:** Umesh Salvi **SEBI Registration No.:** IND000000034	**Integrated Registry Management Services Private Limited** 2nd Floor, 'Kences Towers', No. 1, Ramakrishna Street, North Usman Road, T. Nagar, Chennai - 600 017 **Tel:** + 91 44 2814 0801 to 803 **Fax:** +91 44 28142479 **Email:** stfcipo@integratedindia.in **Investor Grievance Email:** sureshbabu@integratedindia.in **Website:** www.integratedindia.in **Contact Person:** Ms. Anusha N / Mr. Sriram S **SEBI Registration No:** INR000000544

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

Mr. Vivek Madhukar Achwal, Company Secretary
Shriram Transport Finance Company Limited, Wockhardt Towers, Level-3, West Wing, C -2, G Block, Bandra-Kurla Complex Bandra (East), Mumbai - 400 051. Tel.: +91 22 4095 9595; Fax: +91 22 4095 9596/97; Email: stfcncd9t1comp@stfc.in. Website: www.stfc.in

Investors may contact the Registrar to the Issue or the Compliance Officer in case of any pre-issue or post Issue related issues such as non-receipt of Allotment Advice, demat credit, refunds, non-receipt of debenture certificates (in case of NCDs which have been re-materialised), transfers etc.

**Catalyst Trusteeship Limited has by its letter dated June 20, 2019 given its consent for its appointment as Debenture Trustee to the Issue pursuant to regulation 4(4) of the Debt Regulations and for its name to be included in the Tranche 1 Prospectus and in all the subsequent periodical communications sent to the holders of the NCDs issued pursuant to the Tranche 1 Issue.

A copy of the Shelf Prospectus has been filed with the Registrar of Companies, Chennai, Tamil Nadu on July 9, 2019 and a copy of the Tranche 1 Prospectus has been filed with the Registrar of Companies, Chennai, Tamil Nadu on July 12, 2019 in terms of section 26 and 31 of the Companies Act, 2013, along with the endorsed/certified copies of all requisite documents. For further details, please see "Material Contracts and Documents for Inspection" beginning on page 98 of the Tranche 1 Prospectus.

Disclaimer clause of CRISIL: A CRISIL rating reflects CRISIL's current opinion on the likelihood of timely payment of the obligations under the rated instrument and does not constitute an audit of the rated entity by CRISIL. CRISIL ratings are based on information provided by the issuer or obtained by CRISIL from sources it considers reliable. CRISIL does not guarantee the completeness or accuracy of the information on which the rating is based. A CRISIL rating is not a recommendation to buy, sell, or hold the rated instrument; it does not comment on the market price or suitability for a particular investor. All CRISIL ratings are under surveillance. CRISIL or its associates may have other commercial transactions with the company/entity. Ratings are revised as and when circumstances so warrant. CRISIL is not responsible for any errors and especially states that it has no financial liability whatsoever to the subscribers / users / transmitters / distributors of this product. CRISIL Ratings rating criteria are available without charge to the public on the CRISIL web site, www.crisil.com. For the latest rating information on any instrument of any company rated by CRISIL, please contact Customer Service Helpdesk at 1800-267-1301.

Disclaimer clause of India Ratings: All credit ratings assigned by India Ratings are subject to certain limitations and disclaimers. Please read these limitations and disclaimers by following this link: https://www.indiaratings.co.in/ratings-definitions. In addition, rating definitions and the terms of use of such ratings are available on the agency's public website www.indiaratings.co.in. Published ratings, criteria, and methodologies are available from this site at all times. India ratings' code of conduct, confidentiality, conflicts of interest, affiliate firewall, compliance, and other relevant policies and procedures are also available from the code of conduct section of this site.

Disclaimer clause CARE: CARE's ratings are opinions on credit quality and are not recommendations to sanction, renew, disburse or recall the concerned bank facilities or to buy, sell or hold any security. CARE has based its ratings on information obtained from sources believed by it to be accurate and reliable. CARE does not, however, guarantee the accuracy, adequacy or completeness of any information and is not responsible for any errors or omissions or for the results obtained from the use of such information. Most entities whose bank facilities/instruments are rated by CARE have paid a credit rating fee, based on the amount and type of bank facilities/instruments. In case of partnership/proprietary concerns, the rating assigned by CARE is based on the capital deployed by the partners/proprietor and the financial strength of the firm at present. The rating may undergo change in case of withdrawal of capital or the unsecured loans brought in by the partners/proprietor in addition to the financial performance and other relevant factors.

Disclaimer: Shriram Transport Finance Company Limited, subject to market conditions and other considerations is proposing a public issue of secured, redeemable non-convertible debentures ("Secured NCDs") and has filed the Shelf Prospectus and Tranche 1 Prospectus with the Registrar of Companies, Tamil Nadu at Chennai and with the National Stock Exchange of India Limited, BSE Limited and the Securities and Exchange Board of India. The Shelf Prospectus and Tranche 1 Prospectus are available on our website www.stfc.in, and will be available on the website of the stock exchanges www.nseindia.com, www.bseindia.com, on the website of SEBI www.sebi.gov.in and the respective web sites of the lead managers at www.jmfl.com, www.akgroup.co.in and www.smccapitals.com. Investors proposing to participate in the issue, should invest only on the basis of the information contained in the Shelf Prospectus and Tranche 1 Prospectus. Investors should note that investment in NCDs involves a high degree of risks and for details relating to the same, please refer to Shelf Prospectus, including the section on "Risk Factors" beginning on Page 16 of the Shelf Prospectus. Allotments by the Company, in consultation with the Designated Stock Exchange, shall be made on date priority basis i.e. a first-come first-serve basis to each Portion, based on the date of upload of each Application on the electronic platform of the Stock Exchanges, subject to the allocation ratio. However, in the event of and on the date of oversubscription, the allotments would be made to the Applicants on a proportionate basis.

For **Shriram Transport Finance Company Limited**
Sd/-
Managing Director and CEO

Place: Mumbai
Date: July 15, 2019

Adfactors 148

जनसत्ता

बदहाली के स्कूल

किसी भी देश की बुनियाद कितनी मजबूत है, यह इससे तय होता है कि वहां शिक्षा और स्वास्थ्य का ढांचा कितना पुख्ता है! जहां तक हमारे देश में शिक्षा के समूचे तंत्र को दुरुस्त करने का सवाल है तो आजादी के बाद से आज तक लगातार इस दिशा में तमाम कवायदें की गईं, लेकिन फिर भी इतने मोर्चे अधूरे हैं कि इस मसले पर सब कुछ ठीक हो जाने का दावा करना मुश्किल है। यह अपने आप में एक परेशान करने वाली खबर है कि देश भर के सैंतीस फीसद यानी एक तिहाई से ज्यादा स्कूलों में आज भी बिजली नहीं है। यह खबर तब आई है जब पिछले कुछ समय से ये दावे चारों तरफ चर्चा के केंद्र में हैं कि देश के सभी गांवों तक बिजली पहुंचा दी गई है। सवाल है कि अगर गांव-गांव को बिजली से रोशन बना दिया गया है तो देश भर में इतनी बड़ी तादाद में स्कूलों के परिसर बिजली से वंचित कैसे और क्यों हैं! किसी भी स्कूल में अगर बिजली का कनेक्शन नहीं है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां बिजली पर निर्भर किसी शैक्षिक गतिविधि से लेकर रोशनी या फिर गरमी के मौसम में क्या स्थिति रहती होगी!

गौरतलब है कि एकीकृत जिला शिक्षा प्रणाली सूचना, 2017-2019 की रिपोर्ट में यह तथ्य उजागर हुआ है कि देश के केवल 63.14 फीसद स्कूलों में बिजली मौजूद थी। यह स्थिति तब है जब पिछले करीब ढाई-तीन दशकों से सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने और इस तरह शिक्षा की सूरत में सुधार लाने के वादे और दावे लगातार किए जा रहे हैं। इसके अलावा, स्कूलों में दोपहर के भोजन की व्यवस्था का मकसद यही रहा है कि गरीब तबकों के बच्चों के न केवल पोषण का स्तर सुधारने में मदद मिले, बल्कि इस बहाने उन्हें स्कूली शिक्षा के दायरे में लाया जाए, ताकि समाज में शिक्षा की सूरत बेहतर हो। लेकिन अब खुद मानव संसाधन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले तीन साल के दौरान स्कूलों में दोपहर में घटिया गुणवत्ता वाला भोजन खाने की वजह से देश भर से नौ सौ से ज्यादा बच्चों के बीमार होने के मामले सामने आए। ऐसी खबरें अक्सर आती रही हैं कि किसी स्कूल में मध्याह्न भोजन योजना के तहत परोसे गए खाने की वजह से कई बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए। ऐसी घटनाएं जब होती हैं तब उन बच्चों और उन परिवारों की मनोस्थिति पर कैसा असर पड़ता होगा जो महज पेट में कुछ अन्न जाने और इस बहाने कुछ पढ़-लिख लेने की उम्मीद में स्कूल में जाते हैं!

यह एक आम आकलन है कि कोई भी स्कूल अगर बुनियादी ढांचे की कसौटी पर बेहतर है तो वहां पढ़ाई-लिखाई का माहौल भी अच्छा बन पाता है। पीने का पानी, साफ शौचालय, जरूरी संसाधनों से लैस कक्षाएं जैसी सुविधाओं के बावजूद अगर स्कूल में बिजली की सुविधा नहीं है तो बेहतर शैक्षिक प्रदर्शन में इन सहायक कारकों की भूमिका भी सीमित हो जाती है। शिक्षा का अधिकार कानून लागू हुए नौ साल से ज्यादा हो गए। इस अवधि में स्कूली शिक्षा की तस्वीर सुधारने के मोर्चे पर कुछ कामयाबी मिली है। लेकिन आज भी इस मोर्चे पर जो स्थिति है, उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। स्कूली बच्चों में सीखने के स्तर के मसले पर अक्सर आने वाली रिपोर्टें निराश करती हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि सरकारी स्कूलों को न केवल बिजली या दूसरी बुनियादी सुविधाओं को पूरी तरह से लैस किया जाए, बल्कि मध्याह्न भोजन से लेकर उन सभी योजनाओं पर अमल सुनिश्चित किया जाए जो इन स्कूलों में गुणवत्ता आधारित शिक्षा की सूरत को बेहतर बनाएं।

नया चैंपियन

लार्ड्स का क्रिकेट स्टेडियम रविवार को जिन रेकार्डों का गवाह बना, उनकी उम्मीद किसी ने नहीं की होगी। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप का फाइनल जिस तरह से खेला गया और अंतिम निर्णय के लिए जिस तरह दुनिया भर में दर्शक सांस रोक कर टीम की जीत का इंतजार करते रहे, वैसा पहले किसी विश्व कप में नहीं देखा गया था। पचास ओवर का मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर भी टाई हो जाने और फिर चौकों-छक्कों की कुल संख्या से हार-जीत का फैसला होने की घटना ने विश्व कप के इतिहास में एक नया अध्याय रच डाला। आखिर के पंद्रह मिनट के इस घटनाक्रम ने पूरे मैच को एक ऐसे रोमांच भरे खेल में बदल डाला जो किक्रेट प्रेमियों ने पहले कभी नहीं देखा था। विश्व कप के इतिहास में चौवालीस साल के इंतजार के बाद इंग्लैंड ने पहली बार विश्व कप जीता। इंग्लैंड को क्रिकेट का जन्मदाता माना जाता है, लेकिन अभी तक विश्व कप उसके हाथ नहीं लग पाया था। इसलिए अपने ही देश में पहला विश्व कप जीतना इंग्लैंड के लिए बड़ी उपलब्धि है।

यों क्रिकेट में ऐसे रोमांच भरे क्षण कई बार आते हैं जब दर्शक सांस थाम कर बैठ जाते हैं। लेकिन लार्ड्स के मैदान में इस विश्व कप में रोमांच भी चरम पर पहुंच गया था। इंग्लैंड को विश्व कप का खिताब दिलाने में सबसे बड़ी भूमिका बेन स्टोक्स की रही जिन्होंने चौरासी रनों की नाबाद पारी खेली और फिर सुपर ओवर में भी चार गेंदों पर नौ रन बनाए। इस विश्व कप के ग्रुप मैच में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को एक सौ उन्नीस रनों से हराया था। इस बार इंग्लैंड की टीम 1992 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची थी। 1979, 1987 और 1992 में इंग्लैंड फाइनल में तो पहुंची थी, लेकिन कप को नहीं छू पाई थी। जबकि न्यूजीलैंड के लिए यह फाइनल का दूसरा मौका था, पिछले विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इसके बावजूद यह सच है कि भले विश्व कप न्यूजीलैंड के हाथ न आया हो, लेकिन जिस तरह से टीम ने अंतिम समय तक खेला, वह दिल जीतने वाला खेल रहा। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने विश्व कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने का एक बड़ा रेकार्ड अपने खाते में दर्ज करा दिया। विलियमसन ने कुल पांच सौ अठहत्तर रन बनाए।

इस बार के क्रिकेट विश्व कप में जीत का फैसला चौकों की संख्या से हुआ है न कि रनों से। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने बराबर रन बनाए और मैच तथा सुपर ओवर में एक-दूसरे के बराबर रहे। लेकिन चौके और छक्के इंग्लैंड ने ज्यादा मारे, इसलिए उसे विजयी घोषित कर दिया गया। ऐसी परिस्थितियों में हार-जीत का फैसला करने को लेकर जो नियम-कायदे पहले से निर्धारित हैं, उन पर अब सवाल उठने लगे हैं। बुनियादी सवाल यह है कि अगर मैच और सुपर ओवर दोनों में ही दोनों टीमें बराबर रन बना लेती हैं तो कैसे एक टीम दूसरी से हार सकती है! तो फिर ऐसी स्थिति में क्यों नहीं दोनों को ही विश्व कप विजेता घोषित कर दिया जाना चाहिए? अगर दोनों टीमों की बाउंडरी की संख्या भी बराबर होती तब क्या होता? दरअसल, इस तरह के नियम हार-जीत के फैसले में हास्यास्पद ही लगते हैं। इंग्लैंड ने विश्व कप भले जीत लिया हो, लेकिन खेल के नजरिए से दोनों टीमें बराबर रहीं। एक ने कप जीता और दूसरी ने दिल!

कल्पमेधा

इस सनातन नियम को याद रखो, यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।
-सुभाषचंद्र बोस

उपभोक्तावाद और बच्चे

विशेष गुप्ता

अभिभावक और बच्चों के बीच स्वस्थ संवाद न होने से बच्चों के जीवन से सामाजिक दुनिया दूर हो गई है। जहां उपभोक्तावादी समाज में हर वस्तु एक उत्पाद बन रही है, ऐसी स्थिति में बच्चे भी अब इससे अछूते नहीं हैं। बाजार की संस्कृति के सामने परिवार व स्कूल जैसी संस्थाएं भी कमजोर पड़ रही हैं। परिणामस्वरूप जुड़ाव की भावना, संयम, अनुशासन, परंपराएं, मूल्य, सहानुभूति और प्रेम जैसे शब्द बच्चों के स्वस्थ समाजीकरण की पृष्ठभूमि से गायब हो रहे हैं।

कुछ समय पहले झांसी के एक किशोर ने मोमो चैलेंज गेम के चंगुल में फंस कर आत्महत्या कर ली थी। पहले भी ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। गौरतलब है कि तमाम बहस-मुबाहिसों के बावजूद हम ऐसी घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। वह इसलिए कि बच्चे आज हमारी प्राथमिकता में आखिरी पायदान पर हैं। देखने में आ रहा है कि बच्चों की एक बिल्कुल अलग दुनिया बस गई है। सीखने की कच्ची उम्र में वे रातों-रात युवा बन रहे हैं। सोशल मीडिया की नई आभासी दुनिया ने उनके सामने एक नया समूह लाकर खड़ा कर दिया है। दादा-दादी के परिवार में न रहने से आज माता-पिता बच्चों की दुनिया में खिसक कर दूसरे पायदान पर आ गए हैं। यह बात इसलिए सच है कि नई उदार वैश्विक दुनिया के सामाजिक और आर्थिक दबाव के कारण मां-बाप और बच्चों के बीच की दूरी बढ़ती हुई साफ नजर आ रही है। कड़वा सच तो यह है कि इस समय बच्चों का बचपन पूरी तरह उपभोक्तावाद की गिरफ्त में है। देशी और विदेशी शोधों से जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उनसे साफ है कि वैश्विक दौर की भागती जिंदगी ने बच्चों की आंखों से नींद ही छीन ली है। बच्चे अब पहले की तुलना में ज्यादा निर्मम, आक्रामक और एकल होते जा रहे हैं। यहां तक कि बच्चों का परिवार के अंदरूनी संबंधों का ढांचा भी दरक रहा है। पिछले दिनों 'इंडियन पीड्रियाट्रिक्स' जर्नल में छपी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के बयालीस फीसद बच्चे अनिद्रा के शिकार हैं और इस वजह से नींद में डर जाना, चलना, सोते-सोते बात करना, रोना और डरावने सपने देखना जैसी समस्याएं बच्चों को पेरशान कर रही हैं।

पिछले दिनों अमेरिका के फिलाडेल्फिया के सेंट जोसेफ विश्वविद्यालय द्वारा भारत के लगभग चार हजार बच्चों पर अध्ययन के बाद जो निष्कर्ष निकाले गए, उनसे साफ हुआ कि भारतीय बच्चे यूरोपीय बच्चों की तुलना में कम नींद ले पा रहे हैं। परिणामतः बच्चों का स्वाभाविक विकास नहीं हो पा रहा है उनके खेलने-खाने की उम्र में ही उनका बचपन विसंगतियों से भर रहा है। बच्चों का घर से भाग जाना, आक्रामक होना, एकांत में रहना, मोबाइल पर गेम की दुनिया में उलझे रहना, मोबाइल गेम की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप आत्मघात की ओर अग्रसर होना- जैसी सामाजिक विसंगतियों की पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं पारिवारिक व स्कूली पृष्ठभूमि को टटोलना समय की मांग है।

बच्चों के बदलते व्यवहार के लिए केवल उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता। कहीं न कहीं इसके लिए बच्चों के बचपन को निश्चित दिशा देने वाली परिवार व स्कूल जैसी संस्थाओं की भूमिका पर विचार करना होगा। अवलोकन बताते हैं कि शहरों और महानगरों में भौतिक जीवन की बदलती जरूरतों के कारण माता-पिता और बच्चों के बीच होने वाले गहरे संवाद का ढांचा चरमरा रहा है। निस्संदेह संयुक्त परिवार अब टूट रहे हैं। अगर कहीं दादा-दादी का परिवारों में दखल है भी तो दूसरी पीढ़ी के बच्चों पर से नियंत्रण की डोर उनके हाथों से खिसक रही है। आज एकल परिवार समाज के आदर्श बन रहे हैं। स्कूल भी किताबी ज्ञान तक सीमित होकर रह गए हैं। ऐसे में स्कूलों में बच्चों का शैक्षिक समाजीकरण और परिवारों में अच्छी परवरिश एक चुनौती बन रहा है। साथ ही बच्चों के प्रति अनुराग और स्नेह की प्रवृत्ति भी शून्य हो चली है।

एसोचेम के सोशल डवलपमेंट फाउंडेशन ने देश के तीन हजार कामकाजी माता-पिता पर एक अध्ययन कराया था। इसमें पता चला कि कामकाजी माता-पिता के पास अपने बच्चों के साथ समय गुजारने के लिए केवल बीस मिनट का समय रह गया है। माता-पिता इससे ज्यादा वक्त बच्चों को दे ही नहीं पाते। निश्चित ही बच्चों के विकास के लिए यह कोई अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि कामकाजी माता-पिता के पास समय का अभाव होने से अब वे स्कूल के बाद बच्चों को होमवर्क कराने में भी मदद नहीं करते। सप्ताहांत में भी वे बच्चों के साथ एक वक्त का खाना नहीं खा पाते। इसका सीधा-सा अर्थ यह हुआ कि बच्चों का बचपन अब धीरे-धीरे सूना हो रहा है। अभिभावकों और बच्चों के बीच स्वस्थ संवाद न होने से बच्चों के जीवन से सामाजिक दुनिया दूर हो गई है। जहां उपभोक्तावादी समाज में हर वस्तु एक उत्पाद बन रही

है, ऐसी स्थिति में बच्चे भी अब इससे अछूते नहीं हैं। बाजार की संस्कृति के सामने परिवार व स्कूल जैसी संस्थाएं भी कमजोर पड़ रही हैं। परिणामस्वरूप जुड़ाव की भावना, संयम, अनुशासन, परंपराएं, मूल्य, सहानुभूति और प्रेम जैसे शब्द बच्चों के स्वस्थ समाजीकरण की पृष्ठभूमि से गायब हो रहे हैं।

आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, कंप्यूटर, इंटरनेट, सोशल मीडिया, फिल्मों जैसे विभिन्न माध्यम स्कूलों और एकल परिवारों में सेंध लगा कर बच्चों के बीच पारिवारिक व स्कूली भूमिका का स्थानापन्न बन रहे हैं। सच्चाई यह है कि बच्चों के बचपन से माता-पिता और स्कूल के अनुपस्थित रहने का लाभ बहुराष्ट्रीय कंपनियां जम कर उठा रही हैं। यह बाजारवाद की विज्ञापन संस्कृति का ही असर है कि इन्हें अब बच्चे आने वाले समय के नए उपभोक्ता नजर आ रहे हैं। कहने का अर्थ यह है कि उदार दुनिया की गलाकाट होड़ के बीच के बाजार में एकल परिवारों के अकेलेपन से ग्रसित बाल मनोविज्ञान का लाभ उठा कर बच्चों के बीच इन कंपनियों को अपने उत्पाद खपत की अपार संभावनाएं नजर आ रही हैं। बाजार में तमाम देशी व विदेशी कंपनियां बच्चों को मुफ्त वस्तुओं का लालच देकर उनकी गुस्सैल उपभोग की भूमि को उपजाऊ बनाने का काम कर रही हैं। अवलोकन बताते हैं कि आज जितनी बुनियादी जरूरतें परिवारों की बन रही हैं उनमें से लगभग नब्बे फीसद बाल केंद्रित हैं।

यह कटु सच्चाई है कि एकल परिवारों के भी बच्चों से भावनात्मक रिश्ते समाप्त हो रहे हैं। माता-पिता को अपने कारोबार और भोगवादी पार्टियों से फुर्सत ही नहीं है। लिहाजा, बच्चे या तो घर की चारदीवारी में बंद होकर मोबाइल की दुनिया की ओर रुख कर रहे हैं। इस दुनिया की खराब बात यह है कि जब ये बच्चे वास्तविक जीवन की मुश्किलों का सामना करते हैं तब वे ऐसी परिस्थितियों से या तो पलायन करने लगते हैं या फिर तनाव और अवसाद के शिकार हो जाते हैं। हमारे सामने ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां बच्चों ने अपनी परीक्षाओं के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं, यहां तक कि मोबाइल गेम तक में नाकाम रहने पर या तो अपने साथी की हत्या कर डाली अथवा आत्महत्या कर ली। स्मरण रहे, परिवार में बच्चों को संरक्षण, वात्सल्य व स्नेह का भाव जहां उन्हें सामूहिक सोच व आपसी जुड़ाव वाला बनाता है, वहीं उन्हें सुरक्षा और संरक्षण भी प्रदान करता है।

संचार माध्यमों ने बच्चों के कल्पनालोक और उनके यथार्थ में घालमेल करते हुए आक्रोश, अश्लीलता व हिंसा को केंद्र में लाकर रख दिया है। आक्रामकता, गुस्सा और हिंसा जैसे नकारात्मक तत्त्व अब बच्चों के व्यक्तित्व के सामान्य अनुभव बन रहे हैं। स्कूल व घर की व्यवस्था में धीरे-धीरे एक आक्रोश अपनी पैठ बना रहा है। इस सच्चाई को न तो इस शिक्षा व्यवस्था के नीति-नियंता समझ रहे हैं और न ही अभिभावक।

आज बाल मनोविज्ञान को समझना बड़ा जरूरी है। देखा जाए तो बच्चों के सृजनात्मक व्यक्तित्व के निर्माण के लिए आज शिक्षा, शिक्षक और अभिभावक बच्चों की अनिद्रा, आक्रामकता व हिंसात्मक व्यवहार को रोकने में पूर्ण सहायक हैं। बस आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों के साथ संवाद का सिलसिला बना रहे। तभी हम उन्हें आभासी दुनिया से बाहर निकाल कर सृजन की वास्तविक दुनिया से परिचित करा सकेंगे।

वर्चस्व की संस्कृति

आरती मंगल

दुनिया मेरे आगे

कई बातें ऊपर से देखने पर बिल्कुल साधारण लगती हैं, लेकिन अपने अंदर अनेक निहितार्थ लिए होती हैं। उनकी कल्पना और उनका विश्लेषण सामाजिक विकारों में तोड़फोड़ मचाने के लिए जरूरी है। ऐसे ही कुछ सामाजिक विकार या फिर सामाजिक हिंसा माता-पिता के व्यवहारों से परोक्ष संबंध रखते हैं। हमारे समाज में माता-पिता के अपने बच्चों पर आधिपत्य के भाव को अच्छे संस्कार के रूप में देखा जाता है और आदर्श बच्चे का मतलब माता-पिता के निर्देशों का बिना सवाल किए चुपचाप पालन करना है। अक्सर माता-पिता को अपनी तारीफ में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हमारा बच्चा फलां जगह जाना चाहता था, फलां विषय पढ़ना चाहता था, यह बनना चाहता था, फलां कपड़े पहनना चाहता था, मगर हमने तो एकदम मना कर दिया और मजाल कि वह अपने पापा-मम्मी या बड़े भाई-बहन की बात टाले या उनके कहे के खिलाफ कुछ भी करे!

इसके अलावा, ऐसी बातों में धीरे-धीरे शामिल होने लगती हैं कुछ ऐसी बातें भी- मेरे बच्चे ने ऐसा किया होता तो सूली पर टांग देता, पैर तोड़ देता, खाल उधेड़ देता, घर से निकाल देता वगैरह। अपने ही बच्चों की वाजिब हसरतों का गला सिर्फ इसलिए घोंट देना कि वे इस समाज में एक 'आदर्श माता-पिता' के रूप में बाकी अभिभावकों के सामने अपनी हैसियत ऊंची बना सकें, एक जुर्म तो है ही, साथ ही बेहद मतलबी और क्रूर व्यवहार है। ऐसा व्यवहार दूसरे माता-पिता पर भी वैसा ही करने का दबाव बनाता है। यह हैरानी की बात नहीं है कि कई बार ऐसी क्रूरता को भी बच्चे के हित में तो कभी बच्चे पर आधिपत्य स्थापित करने के लिए या फिर बच्चे की बौद्धिक क्षमताओं पर शक के तौर पर सही ठहरा दिया जाता है। इस व्यवहार को सही ठहराने के लिए कई उदाहरण धर्मग्रंथों से भी दिए जाते हैं। जबकि धर्मग्रंथों में अगर कभी किसी पुत्र या पुत्री के माता-पिता से विद्रोह के उदाहरण सामने आते हैं तो न सिर्फ उन पर चर्चा नहीं होती, बल्कि उन्हें क्रूर पुत्र या पुत्री के तौर पर देखा जाता है।

बहरहाल, अगर हमारे समाज में माता-पिता के ऐसे व्यवहारों को प्रेरणास्रोत के रूप में पेश किया जाता है तो मां-बाप द्वारा बच्चों को अंतरजातीय प्रेम या विवाह करने पर मार डालने पर या फिर बच्चों के आत्महत्या कर लेने पर जो शोर उठता है, वह दिखावे से ज्यादा और कुछ नहीं हो सकता। इस तरह का व्यवहार मानसिक हिंसा से शुरू होकर शारीरिक हिंसा तक कब पहुंच जाता है, पता भी नहीं चलता। इसके अलावा, बच्चों पर नियंत्रण और आधिपत्य जमाने का व्यवहार कब उनके बच्चों द्वारा भी सीख लिया जाता है, यह तब भी पता नहीं चलता जब दहेज हत्या, घरेलू हिंसा और बलात्कार जैसी घटनाएं रोज सामने आती हैं।

दरअसल, शारीरिक तौर पर किसी को अपने से कमजोर समझ कर उस पर नियंत्रण करने और आधिपत्य जमाने की मानसिकता ऐसे अपराधों का आधार होती है। मनोवैज्ञानिक शोधों में भी पाया गया है कि ऐसे लोग जो खुद धौंस का शिकार हुए होते हैं, उनके अपने जीवन काल में दूसरों पर धौंस जमाने की संभावना दुगनी से भी ज्यादा होती है। इसके साथ ही अपनी इच्छाओं को लगातार दबाते रहने से व्यक्तित्व में कोई न कोई विकार पैदा हो जाता है जो आगे चल कर या तो दूसरों के लिए या फिर अपने लिए ही खतरनाक साबित होता है।

नियंत्रण और बिना कुछ सोचे पूरी तरह आज्ञा का पालन बौद्धिक विकास की नजर से भी रुकावटें पैदा करता है। ऐसे में सामाजिक बदलाव लाने की संभावना भी जाती रहती है। बच्चे और किशोर वही सीखते हैं जो हमारा समाज सिखाता है। इसका पहला चरण माता-पिता स्थापित करते हैं। यह सीखना शब्दों से नहीं, व्यवहार से होता है और एक बच्चा भी इसके फर्क को अच्छे से समझ पाता है। विडंबना यह है कि इंसानों से प्रेम करना और उन्हें अपने बराबर समझना अभिभावकों द्वारा बच्चों को सिखाने वाली सूची में मुश्किल से ही शामिल हो पाता है।

इस समाज में ऐसी संरचनाओं को तोड़ने की जरूरत है, जिनमें दूसरे लोगों पर नियंत्रण और वर्चस्व का भाव निहित होता है। इसकी शुरुआत बुनियादी परवरिश से भी की जानी चाहिए। घर एक ऐसी संस्था है, जिसे एक 'पवित्र संस्था' की उपाधि दी गई है। इसी वजह से इसे सामाजिक शिक्षण से अलग कर दिया जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि आधे से अधिक जुर्म न केवल घर की बंद दीवारों में किए जाते हैं, बल्कि अधिकतर घर से लेकर बाहर होने वाले अपराधों की जमीन भी यहीं पर तैयार होती है।

माता पिता या अभिभावकों को सोचना चाहिए कि उनके बच्चे उनके गुलाम नहीं हैं और न ही उनकी हसरतों को गर्व हासिल करने का कोई जरिया मानना चाहिए। बच्चे भी एक जीवन हैं, उनकी अपनी इच्छाएं हैं, अपने सपने हैं। वे भी उतने ही मनुष्य हैं, जितने उनके माता-पिता। इसलिए उन्हें भी अपनी जिंदगी अपने हिसाब से जीने का हक है।

कानून के बावजूद

बीते शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय ने बच्चों के साथ हो रहे यौन अपराधों पर चिंता व्यक्त की क्योंकि पिछले छह महीनों में देश के चौबीस हजार बच्चों के यौन शोषण की घटनाएं हुईं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने इस मामले का खुद से संज्ञान लिया और अपनी चिंता जाहिर की। अफसोस की बात है कि 2012 में पॉक्सो जैसा सख्त कानून बनने के बाद भी नाबालिगों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की घटनाएं नहीं थम रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार एक जनवरी से 30 जून तक देश में बाल यौन उत्पीड़न के 24212 मामले दर्ज हुए। इनमें से 11981 मामलों में पुलिस द्वारा जांच जारी है और बचे हुए मामलों में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं।

देश के कई राज्यों में हालात बेहद चिंताजनक हैं जहां बच्चों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध हो रहे हैं। इसके मद्देनदर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी यौन अपराधों को रोकने के लिए कड़ा कदम उठाया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बाल यौन अपराध निरोधक कानून (पॉक्सो) को कड़ा करने के लिए इसमें संशोधनों को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित संशोधनों में बच्चों का गंभीर यौन उत्पीड़न करने वालों को मौत की सजा और नाबालिगों के खिलाफ दूसरे अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। देश में बच्चों के साथ यौन अपराधों की भयावह स्थिति को देखते हुए कड़े कानून बनाना निश्चित ही जरूरी है लेकिन साथ ही लोगों को बच्चों और महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाना भी आवश्यक है क्योंकि कई देशों में सख्त कानून होने के बावजूद यौन हिंसा के मामलों में उम्मीद के मुताबिक कमी नहीं आई है।

इन दिनों अधिकतर किशोर मोबाइल में इंटरनेट का उपयोग करते हैं जहां अश्लील सामग्री की भरमार होती है। यह सामग्री उनकी सोच को दूषित करती है इसलिए अभिभावकों का कर्तव्य है कि अपने बच्चों में अच्छी सोच का विकास करें और उन्हें लड़कियों का आदर करना सिखाएं। विश्व में प्रतिदिन इंटरनेट पर सत्तर फीसद खोजबीन अश्लील सामग्री और फिल्मों के लिए की जाती है। ये अश्लील फिल्में युवाओं और किशोरों को गलत दिशा में ले जाती हैं। इसलिए स्कूलों में भी यौन शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि विद्यार्थियों को इस बाबत उचित ज्ञान प्राप्त हो और वे भविष्य में गलत कदम उठाने से बचे रहें।

● *निशांत महेश त्रिपाठी, कोंढाली, महाराष्ट्र*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

खेल के बाद

पैंतालीस दिन तक चलने वाले क्रिकेट महाकुंभ का आगाज जितना शानदार था अंजाम उतना ही हैरतअंगेज। दुनिया की दस बेहतरीन टीमों का मुकाबला लोगों को अचरज और रोमांच में नाखून चबाने को मजबूर कर रखा था। हर टीम की ख्वाहिश अव्वल नंबर पर पहुंचने की होती है, मगर सूरमा तो कोई एक ही हो सकता है। बहरहाल, न्यूजीलैंड अपने हरफन मौला खेल के बावजूद मुकाबला हार गया। हर शिकस्त के बाद जहां सामने वाले खिलाड़ी को बेहतर बताना टीमों की लाचारी है वहीं हमेशा की तरह कमियां ढूंढना इंसानी फितरत। लिहाजा, कप्तान ने बराबरी के खेल में फैसले के तौर-तरीकों पर सवाल उठा दिए। इससे पूर्व पाकिस्तानी कोच भी पहले चार में जगह न मिलने पर नियमों में ऐब निकाल चुके हैं। सवाल है कि मुकाबले के तौर-तरीके और नियमों की कमजोरियां हार के बाद ही क्यों नजर आती हैं? सोचने-समझने और नुक्ताचीनी के लिए चार साल कम तो नहीं होते। खयाल रखना होगा कि बड़ी टीमों के ऊल-जलूल सवाल खेल की शान को बट्टा तो नहीं लगाते हैं!

● *एमके मिश्रा, रातू, रांची, झारखंड*

सावधानी का सफर

हाल में आगरा के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर उत्तर प्रदेश रोडवेड की एक बस के गहरे नाले में गिरने से 29 यात्रियों की मौत हो गई। इस साल अब तक यमुना एक्सप्रेस-वे पर विभिन्न हादसों में 77 लोगों की जान जा चुकी है। इस एक्सप्रेस-वे की शुरुआत 2012 में हुई थी और तब से अब तक 5000 से अधिक दुर्घटनाओं में यहां 800 से अधिक लोग मौत के मुंह में जा चुके हैं। इस सड़क पर अलग-अलग मौसम में दुर्घटनाओं के कारण भी अलग-अलग रहते हैं। ठंड के दिनों में कोहरे के कारण सड़क पर साफ दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। पिछले साल सर्दियों में जब घना कोहरा छाया था तब कई गाड़ियां आपस में भिड़ गई थीं। उधर गर्मी के दिनों में टायर फटने की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है।

अच्छी सड़क होने के कारण लोग इस पर बहुत तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हैं और अनियंत्रित होकर गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है। शहरों के आम यातायात और यमुना एक्सप्रेस-वे पर गाड़ी चलाने में काफी अंतर है। शहरों में लालबत्ती पर गाड़ियां रुकती हैं, सड़कों पर गति सीमा लिखी होती है। अगर कोई तेज रफ्तार से गाड़ी चलाता है तो पुलिस चालान काट देती है मगर एक्सप्रेस-वे पर यह सब नहीं होता लिहाजा, लोग अत्यंत तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हैं और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। लोगों को इस एक्सप्रेस-वे पर निर्धारित गति सीमा में और अत्यंत सावधानी से गाड़ी चलानी चाहिए ताकि उनका सफर मौत का सफर न बन जाए।

● *मनीषा, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश*

किसानों की खातिर

'जय जवान जय किसान' नारा लालबहादुर शास्त्रीजी ने भारत के रक्षकों और अन्नदाताओं को समर्पित किया था। वे कर्ज के बोझ तले दब कर आएदिन आत्महत्या कर रहे हैं। 2014 से 2016 तक तीन वर्षों के दौरान कर्ज के कारण 36 हजार किसानों ने आत्महत्या की है। पंजाब सरकार ने 2015 में नई मुआवजा और राहत नीति को घोषणा की जिसके अंतर्गत आत्महत्या करने वाले किसान के परिवार को राहत के रूप में तीन लाख रुपए देने का प्रावधान है। इस पर कई हलकों में आपत्ति जताई गई थी। उनके मुताबिक इससे किसानों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ेगी क्योंकि किसान चाहेगा कि उसके मरने के बाद मुआवजे के पैसे से उसका परिवार कर्ज मुक्त हो जाएगा। इस बार के बजट में कृषि उत्पादों से जुड़े कामों में निजी उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की योजना है और ग्रामीण क्षेत्रों में 1.95 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे। सवाल है कि क्या से सब लक्ष्य कागजों से बाहर आकर सच में पूरे होंगे? क्या नेताओं की सहानुभूति से किसानों की आत्महत्याएं रुकेंगी? सरकार को किसानों को खेती और जीवन यापन की बेहतर सुविधाएं मुहैया करानी होंगी ताकि वे आत्महत्या करने पर विवश न हों।

● *राघव जैन, जालंधर*

नई दिल्ली

जनसत्ता संवाद

16 जुलाई, 2019 7

जरा हट के

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन मुंबई में अपनी फिल्म 'सुपर 30' के एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान पोज देते हुए

बोल

अगर मैंने दबाव में या रिश्वत के लालच में फैसला सुनाया होता तो मैं उन्हें (पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को) एक मामले में बरी नहीं करता और एक अन्य मामले में उन्हें दोषी नहीं ठहराता।

-अरशद मलिक, न्यायाधीश, जवाबदेही अदालत, इस्लामाबाद

विवाद

मैं इस बात को रेखांकित करना चाहूंगा कि समुद्री क्षेत्र में असुरक्षा की शुरुआत आपने (ब्रिटेन) की है और आपको इसके परिणामों का एहसास जल्द एवं जरूर होगा।

-हसन रूहानी, ईरान के राष्ट्रपति

सम-सामयिक

हवाई क्षेत्र की रार : खमियाजा भुगत रहे विमान यात्री

जनसत्ता संवाद

बालाकोट के आतंकी शिविर पर भारतीय वायु सेना की कार्रवाई के छह महीने बाद भी पाकिस्तान अपना हवाई क्षेत्र भारतीय विमानों के लिए खोलने की खातिर तैयार नहीं। पाकिस्तानी को भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा मिलने वाले करोड़ों के शुल्क का नुकसान हो रहा है। दूसरी ओर, भारतीय विमानन कंपनियों को दूसरे वायुमार्ग खोलने पड़े हैं, जो लंबे हैं और नतीजतन उड़ान का खर्च बढ़ रहा है। जाहिर है, दोनों देश आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। लेकिन राजनयिक दबाव का खेल भी चल रहा है। पाकिस्तान ने अपने तईं जो शर्तें रखी हैं, वह भारत को मान्य नहीं। पाकिस्तान ने शर्त रखी है कि भारत अग्रिम ठिकानों से अपने लड़ाकू विमान हटाए, तभी वह हवाई क्षेत्र खोलेगा। दूसरी ओर, भारतीय राजनयिकों का कहना है कि देखते हैं, आर्थिक संकट झेल रहा पाकिस्तान कब तक इस नुकसान को उठाता रहता है।

विभिन्न उड्डयन संस्थाओं ने अलग-अलग रिपोर्ट देनी शुरू की है, जिनसे जाहिर हुआ है कि पाकिस्तान के द्वारा अपना वायुक्षेत्र बंद किए जाने से भारत को 548 करोड़ रुपए और पाकिस्तान को 100 मिलियन डॉलर (लगभग 688 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। भारत के करीब चार सौ विमानों ने पाकिस्तान हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल बंद कर दिया है। भारत की सरकारी विमानन कंपनी एअर इंडिया को जुलाई के पहले हफ्ते तक करीब 491 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा इंडिगो को 31 मई तक 25.1 करोड़ का, स्पाइसजेट एवं गोएयर को क्रमशः 30.73 एवं 2.1 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान ने अपना पूरा वायुक्षेत्र बंद कर दिया है। उसके पास 11 वायुक्षेत्र हैं, जिसमें से नौ बंद हैं। फिलहाल जो दो हवाई रास्ते चालू हैं वे दक्षिण पाकिस्तान से होकर गुजरते हैं।

दरअसल, कोई भी विमानन कंपनी अन्य देशों में उड़ान भरने या गुजरने के लिए पैसे का भुगतान करती हैं। इसे ओवरफ्लाइट फीस या एअरटोल कहा जाता है। पाकिस्तान में, बोइंग 737 को वायुक्षेत्र का इस्तेमाल करने के लिए 580 डॉलर का भुगतान करना होता है। एअरबस 380 या बोइंग 747 के लिए यह किराया बढ़ जाता है। भारत में ओवरफ्लाइट और लैंडिंग चार्ज डीजीसीए तय करता है। हमारे यहां स्थानीय उड़ानों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से ज्यादा भुगतान करना होता है। इसके लिए तय किए गए रास्ते की नॉटिकल माइल्स के हिसाब से गणना होती है। साथ ही उड़ान का वजन भी देखा जाता है।

मजबूरी की सख्ती

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर नजर रखने वाले ओपीएस समूह ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठनों के डेटा से अंदाजा लगाया कि रोजाना कम से कम 350 उड़ानें इस पाबंदी से प्रभावित हो रही हैं। उदाहरण के लिए लंदन से सिंगापुर की उड़ान में 451 किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई है। केएलएम, लुफ्थांसा और थाई एअरवेज की उड़ानें पहले से कम से कम दो घंटे ज्यादा का वक्त ले रही हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए विमानन कंपनियों ने किफायत देने वाले विभिन्न विमानों का इस्तेमाल शुरू किया है, वहीं विमान में वजन को लेकर नियम सख्त किए हैं, ताकि विमान दूर तक उड़ान भर सकें और ज्यादा ईंधन ले जा सकें।

पाकिस्तान के फैसले से भारत की यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं। उदाहरण के लिए काबुल से दिल्ली की उड़ान अब पाकिस्तान के रास्ते नहीं जा रही। उसे ईरान से होकर अरब सागर होते हुए दिल्ली का रास्ता लेना पड़ रहा है। भारत से यूरोप जाने वाली उड़ानों की दूरी में 913 किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई है जो कुल यात्रा का 22 फीसद है और इस वजह से दूरियां दो घंटे तक बढ़ गई हैं। लंदन से दिल्ली या मुंबई जाने वाले यात्री अब औसतन 21000 रुपए तक अधिक खर्च कर रहे हैं। प्रभावित होने वाली एअरलाइंस में एशिया, यूरोप, अमेरिका और सुदूर पूर्व की एअरलाइंस कंपनियां जैसे कि सिंगापुर एअरलाइंस, ब्रिटिश एअरलाइंस, लुफ्थांसा, थाई एअरवेज, वर्जिन अटलांटिक शामिल हैं।

शोध-अनुसंधान

उड़न टैक्सी बनाने में जुटा आइआइटी-कानपुर

जनसत्ता संवाद

आइआइटी कानपुर ने एक निजी कंपनी वीटीओएल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ शोध के मसविदे पर हस्ताक्षर किए हैं। अगले पांच वर्षों में इसका एक प्रोटोटाइप बनाने की कोशिश करेंगे।

दुनिया भर में कई साल से उड़ने वाली टैक्सी जैसी हवाई सेवाओं को लेकर संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। भारत में भी इस तरह का शोध शुरू हुआ है। देश के प्रतिष्ठित संस्थान आइआइटी-कानपुर के शोधकर्ताओं ने एक निजी कंपनी के साथ 'वर्टिकल टेकऑफ ऑर लैंडिंग' (वीटीओएल) वाले विमान या उड़ने वाली टैक्सियां बनाने को लेकर शोध का करार किया है। विमान के कार्यात्मक नमूने (प्रोटोटाइप) को विकसित करने के लिए 15 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ऐसे विमानों का इस्तेमाल फ्लाइंग टैक्सियों के रूप में किया जा सकेगा। देश के बड़े शहरों में यातायात की समस्या को सुलझाने के लिए वीटीओएल विमान को भविष्य के एक समाधान के रूप में देखा जा रहा है।

'वर्टिकल टेकऑफ ऑर लैंडिंग' (वीटीओएल) यानी ऐसे विमान, जिन्हें उड़ने के लिए रनवे पर दौड़ने की जरूरत नहीं होगी। ये सीधे उड़ सकेंगे। आइआइटी कानपुर ने इसके लिए एक निजी कंपनी वीटीओएल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ शोध के मसविदे पर हस्ताक्षर किए हैं। आइआइटी-कानपुर के शोधकर्ता इस परियोजना में जुटने से पहले एक व्यावहारिक अध्ययन करेंगे। इस अध्ययन के माध्यम से वे पांच वर्षों में इसका एक प्रोटोटाइप बनाने की कोशिश करेंगे।

आइआइटी-कानपुर में एअरोस्पेस इंजीनियरिंग और फ्लाइट लैब का नेतृत्व करने वाले अजय घोष के मुताबिक, 'हम इस अवधारणा को वास्तविकता का रूप देंगे और इस क्षेत्र की प्रौद्योगिकी को और विस्तार से समझने के साथ उसका भरपूर उपयोग भी करेंगे। आने वाले वर्षों में इस पर 100 से अधिक छात्र कार्य कर रहे होंगे।'

शोधकर्ताओं के मुताबिक, वीटीओएल विमान का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे दुनिया के किसी भी इलाके में कहीं भी उड़ान भर सकते हैं और उतर सकते हैं। ये विमान पारंपरिक विमानों से काफी अलग है। वीटीओएल विमान दो प्रकार के होते हैं- पहला, रोटरक्राफ्ट जिसमें हेलिकॉप्टर, क्वाडकॉप्टर्स और ड्रोन के घूमने वाले ब्लेड होते हैं और दूसरे, पॉवर लिफ्ट वाले जो इंजन द्वारा संचालित होते हैं। पॉवर लिफ्ट विमान हवाई युद्ध और बचाव अभियान में काम आ सकते हैं। जेट ईंधन और पारंपरिक ऑटोमोबाइल ईंधन की तुलना में संचालित इंजन सस्ते भी होते हैं। पॉवर लिफ्ट वाले विमानों का उपयोग कई देशों की सेनाएं कर रही हैं।

अगर ऐसे सस्ते विमानों को विकसित करने का प्रयोग सफल रहा तो आने वाले समय में उड़ने वाली टैक्सियां खूब दिखेंगी। ऊबर ने पहले ही हवाई ऊबर के लिए अपनी योजना की घोषणा कर दी है। ऊबर कंपनी 2023 में वीटीओएल टैक्सियों को लांच करना चाहता है। म्यूनिख में स्थित लिलियम नाम की कंपनी का लक्ष्य ऐसी ही इलेक्ट्रिक टैक्सियां बनाना है, जिसका जर्मनी में पहले ही परीक्षण किया जा चुका है। एयरबस और नासा भी अपने उड़ने वाली कारों के संस्करण डिजाइन कर रहे हैं।

ऐसे में आईआईटी-कानपुर और वीटीओएल विमानन अगले पांच साल के भीतर जिस प्रोटोटाइप को विकसित करेंगे, उसे विश्व स्तर पर होड़ लेनी होगी। इसके अलावा केवल प्रौद्योगिकी विकसित करने भर से ही लक्ष्य हासिल नहीं होगा। परिवहन के इस नए तरीके के मद्देनजर नीति नियमन की जरूरत भी होगी। नीति परिवर्तन में व्यावहारिक बदलाव के साथ ही विभिन्न अधिकारियों और नागरिक निकायों के बीच तालमेल की आवश्यकता होगी। अजय घोष ने बताया, 'वायु यातायात नियमों को इस अनुसार बनाने की जरूरत है।' वायुमार्ग के उपयोग को लेकर देश के विमानन प्राधिकरणों के साथ काम करना होगा। प्रस्तावित विमान अधिकांशतः वाणिज्यिक हवाई जहाज की तरह एक नलिका पंखे का उपयोग करेगा। यह पर्यावरण हितैषी होगा, क्योंकि यह विद्युत शक्ति का उपयोग करेगा।



शोधकर्ताओं द्वारा तैयार किया गया डिजाइन

विश्व परिक्रमा

ट्यूनीशिया में नकाब पर प्रतिबंध

रविवार, 7 जुलाई : ट्यूनीशिया के प्रधानमंत्री ने देश में हुए हमलों के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए सरकारी कार्यालयों में नकाब पर प्रतिबंध लगा दिया है।

जज को ब्लैकमेल किया, मरियम का दावा

सोमवार, 8 जुलाई : पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की नेता मरियम नवाज ने वीडियो क्लिप जारी किया। इसमें जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश कथित तौर यह स्वीकार करते नजर आ रहे हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराने के लिए उन्हें 'ब्लैकमेल किया गया और उन पर दबाव डाला गया था।'

ईरान ने यूरेनियम संवर्धन की सीमा लांघी

मंगलवार, 9 जुलाई : ईरान का यूरेनियम संवर्धन स्तर सोमवार को 4.5 फीसद के पार पहुंच गया जो 2015 में हुए परमाणु करार में तय सीमा से ज्यादा है। ईरानी परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रवक्ता बहरोज कमालवंदी ने यह जानकारी दी।

मरियम नवाज

पाकिस्तान के सामने आर्थिक चुनौती

बुधवार, 10 जुलाई : विश्व मुद्रा कोष ने कहा है कि पाकिस्तान 'कड़ी आर्थिक चुनौतियों' का सामना कर रहा है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अगस्त 2018 में आइएमएफ से राहत पैकेज देने के लिए संपर्क किया था। देश के पास वर्तमान में आठ अरब डॉलर से भी कम का विदेशी मुद्रा भंडार है जो उसके मात्र 1.7 माह का आयात के लिए है।

लेबनान के दो हिजबुल्ला सदस्यों पर पाबंदी

गुरुवार, 11 जुलाई : अमेरिका के वित्त विभाग ने लेबनान की संसद के दो हिजबुल्ला सदस्यों को मंगलवार को अपनी प्रतिबंधों की काली सूची में डाल दिया।

मुसलमानों की नजरबंदी खत्म करे चीन

शुक्रवार, 12 जुलाई : मानवाधिकार निगरानी संस्था का कहना है कि 22 पश्चिमी देशों ने बयान जारी कर चीन से अनुरोध किया है कि वह शिनजियांग क्षेत्र में उइगर और अन्य मुसलमानों के खिलाफ बड़े पैमाने पर मनमाने तरीके से हुई नजरबंदी और अन्य उल्लंघनों को खत्म करें। शिनजियांग में करीब 10 लाख मुसलमानों को नजरबंद किया गया है।

क्रिप्टो करंसी का प्रशंसक नहीं हूं : ट्रंप

शनिवार, 13 जुलाई : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभासी मुद्रा (क्रिप्टो करंसी) में भरोसा नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मैं न तो बिटकॉइन और न ही अन्य आभासी मुद्राओं का प्रशंसक हूं। ये धन नहीं हैं। इनका मूल्य बेहद उतार-चढ़ाव वाला होता है इसका कोई ठोस आधार नहीं है।'

जानें-समझें

रेलवे में 'निजीकरण' प्रस्ताव

क्या है हकीकत कितना फसाना

दीपक रस्तोगी

बजट में रेलवे के निवेश प्रस्तावों को लेकर बहस शुरू हो गई कि क्या भारत सरकार रेलवे के निजीकरण के रास्ते पर चल पड़ी है? रेल मंत्री पीयूष गोयल ने यह कहकर विराम लगाने की कोशिश की कि रेलवे को निजीकरण संभव नहीं है, लेकिन उन्होंने रेलवे की परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक-प्राइवेट साझेदार या फिर टीओटी (टोल ऑपरेट ट्रांसफर) मॉडल की बात जरूर कही। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारतीय रेलवे को 2030 तक 50 लाख करोड़ रुपए के निवेश की जरूरत होगी। सरकार अकेले इसे पूरा नहीं कर सकती है। कुछ क्षेत्रों में निजीकरण की जरूरत होगी।

क्या है सरकार का प्रस्ताव

बकौल रेलमंत्री पीयूष गोयल, निवेश के लिए रेलवे के कुछ सेक्टर को निजी क्षेत्र के लिए खोला जा सकता है। निजी क्षेत्र लाइसेंस फीस के बदले में इन क्षेत्रों में अपने रेलमार्ग का संचालन कर सकता है। पिछले पांच साल की तुलना में इस साल दोगुना निवेश करने की योजना बनाई गई है। सरकार अकेले 50 लाख करोड़ रुपए निवेश करने में सक्षम नहीं है। इसके लिए अतंरराष्ट्रीय मानकों की तकनीक, निवेश और सार्वजनिक-प्राइवेट साझेदार या फिर टीओटी (टोल ऑपरेट ट्रांसफर) मॉडल पर काम करने की योजन है। रेलवे कुछ ऐसे क्षेत्रों की पहचान में जुटी है, जहां निजी कंपनियां भागीदारी कर सकती हैं।

निजीकरण का आधार क्या

भारतीय रेल के निजीकरण की राह सुझाने के लिए नीति आयोग के सदस्य एवं अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय की अध्यक्षता सात सदस्यों की एक कमेटी सितंबर 2014 में बनाई गई थी। इस कमेटी ने सुझाव दिया कि भारतीय रेल को फायदे में लाने के लिए निजी क्षेत्र को सवारी तथा माल गाड़ियां चलाने की अनुमति देनी चाहिए। आधारभूत सेवाएं, उत्पादन और निर्माण जैसे जो रेलवे के लिए मूल काम नहीं हैं, उनमें निजी क्षेत्र को लाना चाहिए। कमेटी ने कहा था कि राजधानी/शताब्दी गाड़ियों को चलाने का व्यवसायिक काम निजी क्षेत्र को देना चाहिए और उसके लिए उनसे सालाना फीस लेनी चाहिए। सरकार ने इसे मंजूर कर लिया है और कुछ ट्रेनों को निजी क्षेत्र को सौंपने की तैयारी चल रही है। साथ ही, रेलवे के कई क्षेत्रों में सरकार ने सौ फीसद विदेशी पूंजी निवेश की इजाजत दे दी है।

100 फीसद एफडीआइ के क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में वाराणसी के डीजल लोको वर्क्स के मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा था कि रेलवे का निजीकरण नहीं किया जाएगा। लेकिन इससे पहले ही देबरॉय कमेटी के ड्राफ्ट मसविदे के आधार पर नवंबर 2014 में रेलवे बोर्ड ने 17 उन मुख्य क्षेत्रों का ऐलान किया था, जिनमें 100 फीसद एफडीआइ की अनुमति दी गई। ये हैं - तेज गति वाली रेलगाड़ियों की परियोजनाएं, पहियों पर चलने वाली वस्तुएं और उनकी मरम्मत, डीजल और बिजली चालित ईंजन, कोच तथा वैगन का निर्माण, संयुक्त उपक्रम तथा/अथवा पीपीपी द्वारा समर्पित माल वाहक रेल लाइनें, कुछ लाइनों पर निजी सवारी गाड़ियों को चलाना, पीपीपी लारा उपनगरीय रेलगाड़ियों के लिए गलियारों (कॉरिडोर) की परियोजना, मानव-चालित तथा मानव-रहित लेवल क्रासिंगों के लिए तकनीकी हल निकालना, सुरक्षा सुधारने तथा दुर्घटनाएं कम करने के लिए तकनीकी हल, नवीन तकनीकों तथा प्रौद्योगिकियों को परखने के लिए सामग्रियां तथा विश्व-स्तरीय प्रयोगशालाएं, रेलवे तकनीकी ट्रेनिंग संस्थाओं की स्थापना, विश्व-स्तरीय सवारी गाड़ियों के लिए टर्मिनल तथा मौजूदा स्टेशनों का नवीनीकरण/मरम्मत और महत्त्वपूर्ण स्थानों पर माल गाड़ियों के लिए टर्मिनल/लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना।

परिसंपत्तियां जो निजी हाथों में जाएंगी

भारतीय रेल में निजीकरण के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि रेलवे को ट्रेन चलाने के अपने मूल काम तक ही सीमित रहना चाहिए और मुनाफा कमाने योग्य होने चाहिए। रेलवे 125 अस्पताल, 586 दवाखाने चलाती है। रेलवे डिग्री कॉलेज और स्कूल चलाती है। देबरॉय कमेटी के सुझाव के मुताबिक, ये परिसंपत्तियां निजी हाथों में जाएंगी।

ट्रेन संचालन निजी कंपनियों को

सरकार अगले 100 दिनों में कम भीड़भाड़ वाले और पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रूटों के लिए योजना बना रही है। निजी कंपनियों को ट्रेन संचालन का न्योता देगी। इसकी शुरूआत अपनी पर्यटन और टिकट सहयोगी आईआरसीटीसी से करेगी। उसे दो महत्त्वपूर्ण स्थानों पर पैसेंजर ट्रेनें दी जाएंगी। आईआरसीटीसी को इसके लिए एक तय रकम सरकार को चुकानी पड़ेगी। अगर सरकार की यह योजना पूरी तरह से सफल रहती है तो इसे बड़े स्तर पर शुरू किया जाएगा। ट्रेन संचालन के लिए निजी कंपनियों को बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने इंडियन रेलवे स्टेशंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड नाम की नई एजंसी का गठन किया है जो देश के सभी रेलवे स्टेशनों की सेवाएं निजी कंपनियों को ठेके पर देने की नोडल एजंसी है।

क्या है जानकारों की राय

फाइल फोटो

रेलवे की कुछ सेवाएं निजी क्षेत्र को सौंपने का प्रस्ताव तो वर्षों पुराना है, लेकिन हमको यह देखना होगा कि फैसला किस तरह से लिया जा रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं कि मुनाफा कमाने वाले रूट को ही निजी कंपनियों को दे दिया जाए। हमको निजीकरण से ऐतराज नहीं, लेकिन किस तरीके से निजीकरण होगा यह देखना होगा।

- अधीर रंजन चौधरी, लोकसभा में कांग्रेस के नेता और पूर्व रेल राज्य मंत्री

प्रधानमंत्री और रेल मंत्री निजीकरण न किए जाने की बात जरूर कह रहे हैं, लेकिन दूसरे रास्तों से रेलवे में निजीकरण आ रहा है। सरकारी उद्यमों को निजी क्षेत्र में ले जाने की नीति अपनाई जा रही है। ऐसा नहीं कि यह काम वर्तमान सरकार ही कर रही है। यूपीए में भी यही नीति अपनाई गई थी। इस मामले में दोनों ही सरकारें एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

- शिवगोपाल मिश्र, महासचिव, आल इंडिया रेलवेमैंस फेडरेशन (एआइआरएफ)

व्यक्तित्व

निरंजन मुकुंदन : विश्व रेकॉर्ड बनाने वाला पैरा तैराक

जनसत्ता संवाद

जानी-मानी पत्रिका 'फोर्ब्स' ने एशिया में मनोरंजन और खेल श्रेणी में खिलाड़ियों की सूची जारी की है। इसमें भारत के निरंजन मुकुंदन का नाम भी शामिल है। निरंजन मुकुंदन भारतीय पैरा-तैराक है, जिन्होंने 'फोर्ब्स' 30 अंडर 30 एशिया 2019 में मनोरंजन और खेल श्रेणी में अपनी जगह बनाई है। इस सूची में 30 साल से कम उम्र के 300 युवाओं को जगह दी गई है। इस सूची में उन युवाओं को शामिल किया जाता है जो अपने क्षेत्र या उससे बाहर कुछ नया या फिर कुछ हटकर करते है। कर्नाटक के बंगलुरु में जन्में निरंजन बेहतरीन पैरा-तैराक हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले इस तैराक के लिए यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। निरंजन जन्म से ही स्पाइना बिफिडा और क्लबड फीट नामक बीमारियों से पीड़ित हैं। स्पाइना बिफिडा में रीढ़ और रीढ़ की हड्डी ठीक से विकसित नहीं होती। वहीं क्लबड फीट एक ऐसी स्थिति है, जिसमें पैरों का अधूरा विकास या फिर कहें कि पैर एक खास आकार में मुड़ जाता है। ऐसे लोगों का चलना-फिरना आसान नहीं होता। डॉक्टर की राय से अपने पैरों की मांसपेशियों को मजूबत करने के लिए निरंजन ने तैराकी शुरू की। उनके कोच ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें विश्वास दिलाया कि वे एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर के तैराक बन सकते है।

निरंजन ने आठ साल की उम्र में तैरना शुरू कर दिया। उन्हें 2010 में बर्लिन में आईडीएम जर्मन तैराकी चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। वहां 200 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में निरंजन ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय कांस्य पदक जीता। 2011 में उन्होंने वर्ल्ड जूनियर गेम्स में भी कई अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते। अगले वर्ष उन्हें गंभीर चोट लगी और उन्हें छह महीने तक बिस्तर पर रहना पड़ा, जिसके कारण वे ग्लासगो 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स से चूक गए। निरंजन अब तक 17 छोटी-बड़ी सर्जरी से भी गुजर चुके थे।

2014 में वे एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक विजेता बने। 2015 में नीदरलैंड में आयोजित वर्ल्ड जूनियर गेम्स में उन्होंने दस पदक जीता, जिसमें सात स्वर्ण और तीन रजत पदक थे। वे जूनियर वर्ल्ड चैंपियन के विजेता भी रहें। पैरों में 32 मेटल रॉड के बावजूद उन्होंने इस असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। निरंजन को 2015 में भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पैरा स्पोर्ट्सपर्सन पुरस्कार और खेल में असाधारण प्रदर्शन के लिए 2016 में एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



2017 में निरंजन ने रेकॉर्ड समय में कार द्वारा स्वर्णिम चतुर्भुज पूरा करके अपना नाम लिम्का बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में दर्ज कराया। पिछले साल जून में, उन्होंने पैरा-स्विमिंग वर्ल्ड सीरीज, बर्लिन में एक एशियाई रिकॉर्ड स्थापित किया, जो 200 मीटर बैकस्ट्रोक इवेंट में 03:16:01 का था। दिसंबर में टखने की चोट की वजह से सर्जरी से गुजरना पड़ा। करीब छह महीने बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए नार्वे स्विमिंग चैंपियनशिप 2019 में पांच स्वर्ण पदक हासिल किया।

आतंकवाद होता है सिर्फ आतंकवाद : अमित शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद पर काबू पाने के लिए दक्षेस देशों के क्षेत्रीय समझौते (सार्क रीजनल कन्वेंशन ऑन सप्रेशन ऑफ टेररिज्म) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। पाकिस्तान को एक दिन दुनिया के दबाव में इस समझौते पर दस्तखत करने होंगे। अगर वह नहीं करता है तो हमारे पास उससे निपटने के तरीके लक्षित हमले, एअर स्ट्राइक आदि हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) संशोधन विधेयक 2019 पर लोकसभा में चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण पर अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद का कोई राइट या लेफ्ट नहीं होता। आतंकवाद सिर्फ आतंकवाद होता है।

शाह ने एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी के सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा की सरकार कानून से चलती है। इसमें जांच, अभियोजन और फैसले अलग-अलग स्तर पर होते हैं। सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं करती। समझौता एक्सप्रेस मामले में अपील नहीं करने संबंधी ओवैसी की टिप्पणी पर शाह ने कहा कि संप्रग सरकार ने ही रुख बदलकर पहले पकड़े गए आरोपियों को छोड़ दिया और दूसरों को पकड़ लिया। उन्होंने कहा 'क्या ओवैसी ने कभी संप्रग से यह सवाल पूछा कि आरोपियों को छोड़कर बेगुनाहों को क्यों पकड़ा गया?' जब ओवैसी ने कहा, 'अब आप सरकार में आएं हैं तो आप यह काम करिए' तो गृह मंत्री ने कहा कि वैसे आपकी यह इच्छा भी हम पूरी करेंगे। चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए अमित शाह ने कहा कि कुछ लोगों ने धर्म का जिक्र किया और एनआइए कानून का दुरुपयोग किए जाने के विषय को भी उठाया ।

उन्होंने कहा कि हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी सरकार की एनआइए कानून का दुरुपयोग करने की न तो कोई इच्छा है और न ही कोई मंशा है और इस कानून का शुद्ध रूप से आतंकवाद को खत्म करने के लिय उपयोग किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि पोटा (आतंकवादी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) कानून को वोटबैंक बचाने के लिए भंग (निरस्त) किया गया था। इससे आतंकवादियों के अंदर भय था, देश की सीमाओं की रक्षा होती थी। इसे पूर्ववर्ती संप्रग की सरकार ने 2004 में आते ही भंग कर दिया। उन्होंने कहा कि पोटा को भंग करना उचित नहीं था, यह हमारा आज भी मानना है। पूर्व के सुरक्षाबलों के अधिकारियों का भी यही मानना रहा है। शाह ने कहा कि पोटा को भंग किए जाने के बाद आतंकवाद इतना बढ़ा कि स्थिति काबू में नहीं रही और संप्रग सरकार को ही एनआइए को लाने का फैसला करना पड़ा ।

गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने वाली किसी एजंसी को और ताकत देने की बात हो और सदन एक मत न हो, तो इससे आतंकवाद फैलाने वालों का मनोबल बढ़ता है। मैं सभी दलों के लोगों से कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) संशोधन विधेयक कानून बनने पर देश में आतंकवाद से निपटने में सुरक्षा एजेंसी को ताकत देगा। यह समझना होगा कि श्रीलंका में हमला हुआ, हमारे लोग मारे गए, बांग्लादेश में हमारे लोग मारे गए। लेकिन देश से बाहर जांच करने का अधिकार एजंसी को नहीं है। ऐसे में यह संशोधन एजंसी को ऐसा अधिकार प्रदान करेगा।

अमित शाह ने कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के सवाल के जवाब में कहा कि सीबीआइ अगर अवैध होती तो सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को ही होता क्योंकि उसने ही सबसे ज्यादा एजंसी का दुरुपयोग किया है। शाह ने स्पष्ट किया कि विशेष अदालतें केवल आतंकवाद के मामले देखेंगी।

- शाह ने कहा, समझौता एक्सप्रेस मामले में यूपीए ने आरोपियों को छोड़ा, औवेसी बोले तो सरकार पकड़े; शाह बोले कि आपकी इच्छा पूरी करेंगे
- पाक के आतंकवाद से निपटने के लिए लक्षित हमले और एअर स्ट्राइक तरीके, एनआइए कानून का आतंकवाद के खात्मे के लिए उपयोग होगा

रिश्वत मांगने के आरोप में एनपीसीसी के वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकियों के निर्माण का बिल मंजूर करने के बदले कथित तौर पर रिश्वत लेने के मामले में राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम (एनपीसीसी) लिमिटेड के दो वरिष्ठ अधिकरियों सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एजंसी ने एनपीसीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश मोहन कोतवाल और प्रबंधक लतिफुल पाशा तथा पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि एनपीसीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश मोहन कोतवाल और प्रबंधक लतीफुल पाशा ने श्री गौतम कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा बनाई गई बीएसएफ की सीमा चौकियों के निर्माण का बिल मंजूर करने के लिए कंपनी के मालिक अनीश बैद्य से 33 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने दिल्ली, सिलचर, जलपाईगुड़ी, गुवाहाटी और ग्वालियर में 18 जगहों पर छापे मारे है।

बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जुलाई

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारत की तरफ घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ के जवानों ने मार गिराया। यह घटना तड़के तीन बजे उस समय हुई, जब 60 वर्षीय एक व्यक्ति एसएम पुरा सीमा चौकी पर भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की 62वीं बटालियन ने बाड़ के किनारे व्यक्ति को मार गिराया, क्योंकि समर्पण करने के लिए लगातार कहने कहने के बावजूद वह आगे बढ़ रहा था।

तटरक्षक बल ने गुजरात तट पर पकड़ी थी पाकिस्तानी नौका

नई दिल्ली, 15 जुलाई (भाषा)।

तटरक्षक बल ने गुजरत में भारतीय समुद्री सीमा के भीतर एक पाकिस्तानी नौका को पकड़ा और उससे मादक पदार्थ बरामद किए।

रक्षा राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने सोमवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अल मदीना नामक यह पाकिस्तानी नौका गुजरात तट पर पकड़ी गई थी। नाइक ने बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी नौका दल के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई कर रहा है।

रक्षा राज्य मंत्री के अनुसार, भारतीय तटरक्षक बल भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना होने पर विश्वसनीय प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए तटीय सुरक्षा तंत्र के सभी पक्षों के साथ अपनी परिसंपत्तियों की तैनाती के जरिए गुजरात तट के समुद्रीक्षेत्र में सघन निगरानी कर रहा है।

ईस्टर धमाकों के पीछे ड्रग माफिया का हाथ : सिरिसेना

कोलंबो, 15 जुलाई (एएफपी)।

श्रीलंकाई राष्ट्रपति सिरिसेना के दफ्तर से जारी एक दस्तावेज में उनके हवाले से कहा गया है कि ईस्टर पर इस देश में हुए बम धमाकों के पीछे अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया का हाथ है। उधर, प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने इन दावों से असहमति जताते हुए कहा कि हमलों के पीछे इस्लामी आतंकी थे। मादक द्रव्यों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान के बीच यह बयान तब आया है जब राष्ट्रपति सिरिसेना मादक द्रव्य से जुड़े अपराधों के लिए फिर से मृत्युदंड की सजा का प्रावधान करना चाहते हैं।

सिरिसेना के कार्यालय से सोमवार को जारी किए गए दस्तावेज के मुताबिक, सिरिसेना ने कहा कि हमले 'अंतरराष्ट्रीय ड्रग डीलरों की कारस्तानी थे'। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करों ने मेरी छवि बिगाड़ने और मादक द्रव्यों के खिलाफ मेरे अभियान को हतोत्साहित करने के लिए इन्हें अंजाम दिया। मैं डिगूंगा नहीं। प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के एक प्रवक्ता ने राष्ट्रपति के दावों से इत्तेफाक नहीं जताया है। सुदर्शन गुनावर्धन ने बताया कि पुलिस ने करीब दो हफ्तों में जांच पूरी कर ली थी। इसमें ड्रग डीलरों के शामिल होने का कोई जिक्र नहीं है। हमारे पास अपनी जांच पर संदेह का कोई कारण नहीं। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करों के लिए मृत्युदंड से कहीं ज्यादा प्रतिरोधक त्वरित न्याय होगा। गुनावर्धन ने कहा कि हम नहीं मानते कि लोगों को मृत्युदंड देने से समस्या का समाधान होगा, खासतौर पर यह ध्यान में रखते हुए कि एक सजा दिलाने में कई दशकों का वक्त लग जाएगा। श्रीलंकाई अदालत में हत्या और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों में मुकदमा पूरा करने में औसतन 17 साल का वक्त लगता है। उन्होंने कहा कि विक्रमसिंघे मृत्युदंड के खिलाफ हैं क्योंकि यह उनकी यूनाइटेड नेशनल पार्टी की नीतियों के विपरीत है। 21 अप्रैल को हुए आत्मघाती हमलों की जांच अभी जारी है। हिरासत में लिए गए लोगों में से 100 श्रीलंकाई हैं।

एनआइए को और ताकत मिली

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जुलाई।

लोकसभा ने सोमवार को 'राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण संशोधन विधेयक 2019' को मंजूरी दे दी। इसमें राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) को भारत से बाहर किसी अनुसूचित अपराध के संबंध में मामले का पंजीकरण करने और जांच का निर्देश देने का प्रावधान किया गया है। निचले सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि आज जब देश दुनिया को आतंकवाद के खतरे से निपटना है, ऐसे में एनआइए संशोधन विधेयक का उद्देश्य जांच एजंसी को राष्ट्रहित में मजबूत बनाना है।

उन्होंने कहा कि सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने की जिम्मेदारी हाथ में लेगी। एनआइए को शक्तिशाली एजंसी बनाया जाएगा। सदन ने मंत्री के जवाब के बाद विपक्ष के कुछ सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले विधेयक को विचार करने के लिए सदन में रखे जाने के मुद्दे पर एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी ने मत-विभाजन की मांग की। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा कि इस पर मत-विभाजन जरूर होना चाहिए। इसकी हम भी मांग करते हैं ताकि पता चल जाए कि कौन आतंकवाद के साथ है और कौन नहीं। मत विभाजन में सदन ने 6 के मुकाबले 278 मतों से विधेयक को पारित किए जाने के लिए विचार करने के वास्ते रखने की अनुमति दे दी।

गृह राज्य मंत्री रेड्डी ने कहा कि जहां तक एनआइए अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति का विषय है तो हम सिर्फ प्रक्रिया को सरल बनाना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनआइए अदालत के जजों की नियुक्ति संबंधित हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ही करते रहेंगे, जिस तरह अभी प्रक्रिया चल रही है।

पुलवामा और बालाकोट आतंकी हमलों के बाद भारत ने बता दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ जांच कैसे होती है। एनआइए ने 272 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। इनमें 52 मामलों में फैसले आए और 46 में दोषसिद्धी हुई। इस क्रम में 99 मामलो में आरोपपत्र दाखिल हो चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक से एनआइए की जांच का दायरा बढ़ाया जा सकेगा और वह विदेशों में भी भारतीय व भारतीय परिसम्पत्तियों से जुड़े मामलों की जांच कर सकेगी जिसे आतंकवाद का निशाना बनाया गया हो । इसमें मानव तस्करी और साइबर अपराध से जुड़े विषयों की जांच का अधिकार देने की बात भी कही गई है। इसमें भारत से बाहर किसी अनुसूचित अपराध के संबंध में एजंसी को मामले का पंजीकरण और जांच का निर्देश देने का प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारें अधिनियम के अधीन अपराधों के विचारण के मकसद से एक या अधिक सत्र अदालत, या विशेष अदालत स्थापित करें। इससे पहले आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने बजट से जुड़ी अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा के बीच में विधेयक को पारित करने के लिए लाए जाने का विरोध करते हुए प्रक्रिया और नियमों के विषय को उठाया।

राज्यपाल की भूमिका के बारे में पूछे सवाल पर बीपीएससी विवादों में घिरा

पटना, 15 जुलाई (भाषा)।

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की मुख्य परीक्षा में राज्यपाल की भूमिका से जुड़े एक सवाल को लेकर बीपीएससी विवादों में घेरे में आ गया है। मुख्य परीक्षा में एक सवाल पूछा गया था कि क्या राज्यपाल महज एक 'कठपुतली' भर होता है।

बीपीएससी की रविवार को हुई 64वीं मुख्य परीक्षा के सामान्य अध्ययन पेपर-दो में पूछे गए उक्त सवाल में परीक्षार्थियों से भारत में राज्य की राजनीति में राज्यपाल की भूमिका का विशेष रूप से बिहार के संदर्भ में, कि क्या वे केवल एक कठपुतली हैं, आलोचनात्मक परीक्षण करने को कहा गया था। उक्त प्रश्न के कारण फजीहत झेल रही बीपीएससी ने तुरंत एक विज्ञप्ति जारी कर 'एक संवैधानिक पद' को लेकर अनुचित तरीके से प्रश्न पूछे जाने पर खेद व्यक्त करते हुए घोषणा की कि जिस व्यक्ति ने पेपर सेट किया था, उसे कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के साथ भविष्य के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

'माई लॉर्ड' संबोधन की परंपरा खत्म करना चाहते हैं राजस्थान हाई कोर्ट के जज

जोधपुर, 15 जुलाई (भाषा)।

देश के किसी भी हाई कोर्ट में पहली बार, राजस्थान हाई कोर्ट ने वकीलों द्वारा जजों को संबोधित करते समय 'माई लॉर्ड' या 'योर लॉर्डशिप' कहने की पुरानी परंपरा को खत्म कर उन्हें केवल 'सर' बोलने को कहा है।

हाईकोर्ट ने जोधपुर और जयपुर में अपने दो पीठों के सभी न्यायाधीशों की बैठक में रविवार को जजों के लिए किए जाने वाले संबोधन के संबंध में यह फैसला लिया। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि संविधान में वर्णित समानता के सम्मान के लिए पूर्ण अदालत ने 14 जुलाई 2019 को अपनी बैठक में सर्वसम्मति से वकीलों व अदालत में पेश होने वालों को माननीय न्यायाधीशों को संबोधित करते समय 'माई लॉर्ड' या 'योर लॉर्डशिप' कहने से परहेज करने को कहा है। अधिसूचना में वकीलों और याचिकाकर्ताओं को जजों को संबोधित करते समय सिर्फ 'सर' या श्रीमानजी कहकर पुकारने को कहा गया है।

जिन गवाहों के बयानों में काट-छांट हुई, उन्हें नहीं बुलाएगा एनआइए

मुंबई, 15 जुलाई (भाषा)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने सोमवार को बंबई हाई कोर्ट से कहा कि वह 2008 मालेगांव विस्फोट मामले में अभियोजन पक्ष के उन गवाहों के साक्ष्यों की एक सप्ताह तक जांच नहीं करेगा जिनके नाम और बयानों के साथ कांट छांट की गई है।

एनआइए ने न्यायमूर्ति आइए महंती और न्यायमूर्ति एएम बदर के खंडपीठ के सामने यह बयान दिया। यह पीठ इस मामले के एक आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी जिसमें गवाहों के बयानों में बगैर किसी बदलाव वाले आरोपपत्र की प्रतियां दिलाने का अनुरोध किया गया है।पुरोहित के वकील श्रीकांत शिवडे ने कहा कि विशेष एनआइए अदालत फिलहाल अभियोजन पक्ष के गवाहों के साक्ष्य दर्ज कर रहा है और उन गवाहों से पूछताछ संभव नहीं है जिनके बयानों या नामों के साथ कांट छांट की गई है।

मालेगांव मामला

एनआइए के वकील संदेश पाटील ने कहा कि 22 जुलाई को वे अभियोजन के उन गवाहों के नाम देंगे जिनसे वे पूछताछ करना चाहते हैं और जिनके बयानों में कांट छांट की गई है। एजंसी ने कहा कि तब तक वह साक्ष्य दर्ज करने के लिए निचली अदालत के सामने गवाही के लिए इन गवाहों में से किसी को नहीं बुलाएगा। पुरोहित ने अपनी याचिका में दावा किया कि जब इस मामले की शुरुआत में जांच करने वाला राज्य आतंकवाद रोधी दस्ते ने अपना आरोपपत्र दायर किया था, कई दस्तावेज और गवाहों के बयान संक्षिप्त किए गए हैं।

गुजरात के कच्छ में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत

भुज, 15 जुलाई (भाषा)।

गुजरात के कच्छ जिले में सोमवार को एक सड़क हादसे में तीन महिलाओं और तीन बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भुज तालुका में मनकुवा गांव के पास भुज-नखातराना राजमार्ग पर हुए हादसे में छह अन्य घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने दूसरे वाहन से आगे निकलने की कोशिश के दौरान एक ऑटोरिक्शा और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।भुज में एक मंदिर में दर्शन के बाद पीड़ित अपने घर लौट रहे थे। इनमें से अधिकतर मूल रूप से निकटवर्ती मध्य प्रदेश के निवासी थे। पीड़ित जहां लखपत के निकट माता नो मध के मंदिर में दर्शन के बाद भुज लौट रहे थे वहीं ट्रक लखपत की तरफ जा रहा था।

सिद्धू के इस्तीफे से सरकार को परेशानी नहीं : अमरिंदर

पेज 1 का बाकी

पड़ा, मैंने उनके विभागों में फेरबदल किया और उन्हें वह काम सौंपा। सिद्धू ने अपना इस्तीफा उनका विभाग बदले जाने के महज चार दिन बाद 10 जून को तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को भेजा था। सिद्धू को बिजली विभाग दिए जाने के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा-मैंने सोचा कि बिजली पंजाब के लिए महत्त्वपूर्ण चीज है, यह सबसे महत्त्वपूर्ण चीजों में एक है, इसलिए मैंने इसे (बिजली विभाग) सिद्धू को दिया लेकिन वह यह (विभाग) नहीं चाहते हैं। अतएव मैंने कहा कि एक बार जब कोई फैसला हो गया तो आप यह नहीं कह सकते कि मैं यह नहीं लूंगा, मैं वह लूंगा। मुख्यमंत्री ने दृढ़ता से कहा-यह तो ऐसा हुआ कि कोई जनरल कहे कि मैं लद्दाख तैनाती पर नहीं जा रहा , मुझे मणिपुर भेजा जाए। आप ऐसा कैसे कह सकते हैं? आपको जो कहा गया है, आपको करना होगा। उन्होंने कहा-(तो) कैसे 12 अन्य मंत्रियों ने (अपने नए विभागों का) कामकाज संभाल लिया। पंजाब मंत्रिमंडल के फेरबदल में कई अन्य मंत्रियों के विभाग भी बदल दिए गए।

मुख्यमंत्री से जब पूछा गया कि अब तो उन्हें सिद्धू से मुक्ति मिल गई तो क्या वह खुश हैं तो उन्होंने कहा-मुझे क्यों खुश होना चाहिए? मैं किसी के जाने से खुश नहीं हूं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरा उनसे कोई झगड़ा नहीं है। आप उन्हीं से पूछ सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आपने उनसे सुलह की कोई कोशिश की तो उन्होंने कहा कि मेरा उनसे कोई मुद्दा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिद्धू को पहले तो बिजली विभाग का कार्यभार संभाल लेना चाहिए था और यदि बाद में वह महसूस करते कि उन्हें कोई और विभाग चाहिए तो फिर उस पर भविष्य में विचार किया जा सकता था।

मुख्यमंत्री से जब पूछा गया कि क्या वह सिद्धू को मंत्रिमंडल में शामिल कर कोई गलती तो नहीं कर बैठे, तो उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। सिद्धू द्वारा अपना त्यागपत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भेजने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष को त्यागपत्र भेजे जाने में उन्हें कोई नुकसान नजर नहीं आता।

पश्चिम विक्षोभ ने दिलाई राहत, दिल्ली में बारिश

पेज 1 का बाकी

चुकी है जबकि 25 लाख 66 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

पूर्व व पूर्वोत्तर के कई राज्यों में बारिश के कारण बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस गया है। लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

राजधानी दिल्ली में मानसून के इतर पश्चिमी विक्षोभ व अन्य कारकों ने सोमवार को असर दिखाया और कुछ हिस्सों में बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. केजे रमेश ने बताया कि अभी तक चली शुष्क पछुवा हवाओं की जगह सोमवार को नमी से युक्त तेज पुरवाई चली। इसके साथ ही हिमालय की तराई से दिल्ली पहुंचे मौसमी गर्त ने बारिश कराया। पहले हल्की बारिश की संभावना थी लेकिन तेज पुरवाई से बारिश ने जोर पकड़ा। दिल्ली के पालम वेधशाला में -26 मिलीमीटर, सफदरजंग में 29 मिलीमीटर, आयानगर में 20 मिलीमीटर व रिज में 13 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। लेकिन राडार से मिली सूचना के मुताबिक दक्षिणी व पश्चिमी दिल्ली में कोई बारिश नहीं हुई। रविवार तक दिल्ली में 75 फीसद कम बारिश हुई थी। तेज आंधी व बारिश से कई पेड़ गिर गए। जगह-जगह जाम भी लगा। गुरुग्राम व गाजियाबाद में भी बारिश हुई। पश्चिमी व बाहरी दिल्ली को बारिश तो नहीं मिली पर गर्मी से राहत हुई। उन्होंने कहा कि हल्की बारिश तो अगले दो-तीन दिन तक चलेगी लेकिन चौतरफा लगातार तेज बारिश के लिए अभी इंतजार करना ही पड़ेगा। हालांकि स्थितियां मानसून के अनुकूल बन रही हैं। पंजाब व हरियाणा के लिए मानसून सक्रिय हो रहा है। अगले दो-तीन दिन में पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में तेज बारिश की संभावना है। मौसमी गर्त बना हुआ है। बिहार में मानसून अब कमजोर पड़ रहा है और अगले दो से तीन दिन में और कमजोर होगा। मध्य भारत को भी मानसून का थोड़ा और इंतजार करना होगा।

डॉ. रमेश ने कहा कि इस बीच बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बन रहा है जिससे मानसून को ताकत मिलेगी और फिर से कई हिस्सों में अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। सोमवार को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश,अरुणाचल प्रदेश,असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, नगालैंड, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर-मिजोरम, जम्मू-कश्मीर, उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश में कई जगह बारिश हुई। मेघालय में हफ्ते भर से लगातार बारिश हो रही है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य की दो नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और इसकी वजह से वेस्ट गारो हिल्स जिले के मैदानी इलाकों में आई बाढ़ के कारण कम से कम एक लाख 14 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। असम से होकर आने वाली ब्रह्मपुत्र और जिनिराम के जलस्तर बढ़ जाने से निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। इस बीच शिलांग के निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी भर गया है। मिजोरम के लुंगलेई जिले में खोआथलंगटुईपुई नदी में जलस्तर बढ़ जाने की वजह से जिले के 32 गांव इसकी चपेट में आ गए हैं और जिले के 1,000 परिवारों को सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया गया है। हालांकि राज्य में बारिश जनित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई है।

एनआइए ने तमिलनाडु में 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया

पेज 1 का बाकी

कि इन 14 आरोपियों को विशेष विमान से चेन्नई लाया गया जहां उन्हें पूनमाली में विशेष न्यायाधीश सेंथूर पांडियन की विशेष एनआइए अदालत में पेश किया गया।

अधिकारियों के अनुसार एनआइए की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को 25 जुलाई तक उसकी हिरासत में भेज दिया। उनके मुताबिक आरोप है कि ये सभी तमिलनाडु में आतंकवादी संगठन 'अंसारूल्ला' गठित करने के लिए धन इकट्ठा कर रहे थे।

समझा जाता है कि इन सभी को हाल ही में सऊदी अरब से प्रत्यर्पित किया गया था।

एनआइए ने कहा था कि उसने शनिवार को इसी मामले में दो व्यक्तियों- हसन अली और हरीश मोहम्मद को गिरफ्तार किया था। एनआइए ने कहा था कि उसने एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया जिसने देश में इस्लामिक शासन स्थापित करने के इरादे से आतंकवादी हमला करने की कथित साजिश रची एवं इसके लिए धन की व्यवस्था और अन्य तैयारियां की। उसने इस सिलसिले में चेन्नई और नागपट्टिनम जिले में तीन आरोपियों के परिसरों पर छापेमारी की।

एनआइए ने एक बयान में कहा कि ऐसी विश्वसनीय सूचना मिली थी कि भारत और उसके बाहर रहकर आरोपियों ने आतंकवादी गिरोह अंसारूल्ला बनाकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रची और उसकी तैयारी की। उसने कहा कि चेन्नई के निवासी (आरोपी नंबर 1) सैयद बुखारी (तमिलनाडु अंसारूल्ला मामले), नागपट्टिनम के हसन अली युनुसमारिकार (आरोपी नंबर 2) और मोहम्मद युसुफुद्दीन हरीश मोहम्मद (आरोपी नंबर 3) के खिलाफ नौ जुलाई, 2019 को मामला दर्ज किया गया।

हाई कोर्ट के कहने पर साक्षी, अजितेश को मिली सुरक्षा

पेज 1 का बाकी

हैं। अदालत के फैसले के बावजूद दंपति जब सुनवाई के बाद अदालत कक्ष से बाहर निकला तो कुछ वकीलों ने उनके साथ मारपीट की।

इस बीच, अदालत परिसर से बाहर एक दंपति का अपहरण होने की घटना से सनसनी फैल गई। लोगों को लगा कि साक्षी और अजितेश का अपहरण हो गया है। हालांकि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने बताया कि यह कोई और युगल है जिसका वाहन फतेहपुर में पकड़ लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।

विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रह सकते हैं बागी विधायक

पेज 1 का बाकी

ने बताया कि मुंबई में डेरा डाले हुए कर्नाटक के बागी विधायकों के गुरुवार को बंगलुरु रवाना होने की संभावना नहीं है। सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ विधायकों के इस्तीफे के बाद संकट का सामना कर रही एचडी कुमारस्वामी सरकार के बागी विधायकों को वापस अपने खेमे में लाने के प्रयासों के बीच विधानसभा अध्यक्ष केआर रमेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि कुमारस्वामी की ओर से लाए गए विश्वासमत के प्रस्ताव पर 18 जुलाई को सदन में विचार किया जाएगा।

कुमार ने विधानसभा में बताया कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद यह तारीख तय की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं सदन के नेता कुमारस्वामी की ओर से लाए गए विश्वास मत के प्रस्ताव पर पूर्वाह्न 11 बजे से सदन में विचार किया जाएगा। कुमारस्वामी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सरकार इस संकट से बाहर निकल जाएगी। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायकों ने कहा कि बागी विधायकों को मनाने के अपने प्रयासों के लिए उन्हें और समय मिल गया है। उधर, कर्नाटक भाजपा के प्रमुख बीएस येदियुरप्पा ने कहा कि उन्हें अगले चार-पांच दिन में सरकार बनाने का पूरा भरोसा है।

सूत्र ने बताया कि मुंबई के एक आलीशान होटल में ठहरे हुए विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को अपने इस्तीफे सौंप दिए है। शक्ति परीक्षण के दौरान बागी विधायकों के उपस्थित होने का कोई कारण नजर नहीं आता है क्योंकि वे अपने इस्तीफे पर अडिग हैं। सूत्र ने बताया कि कर्नाटक के तीन से चार विधायकों के भाजपा में जाने की संभावना है लेकिन वे मुंबई नहीं आएंगे।

इस बीच, मुंबई के होटल में ठहरे कर्नाटक के बागी विधायकों ने नगर पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर कहा है कि वे मल्लिकार्जुन खरगे या कांग्रेस के किसी भी अन्य नेता से मिलना नहीं चाहते हैं। कर्नाटक के 15 बागी विधायक होटल में ठहरे हुए है। इन बागी विधायकों में कांग्रेस, जद (सेकु) के विधायकों अलावा निर्दलीय विधायक भी शामिल हैं।

इस बीच, कर्नाटक में सत्तारूढ़ गठबंधन के दो बागी विधायक प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष केआर रमेश कुमार के समक्ष सोमवार को सदन से अपने इस्तीफे पर व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित होने में विफल रहे। इन विधायकों में कांग्रेस और जद (एस) के एक-एक सदस्य शामिल हैं।

पांच विधायकों की याचिका

पेज 1 का बाकी

पांच विधायकों को भी उन 10 बागी विधायकों की लंबित याचिका में पक्षकार माना जाए जिनकी सुनवाई मंगलवार को होनी है। कांग्रेस के पांच और बागी विधायकों ने 13 जुलाई को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इन बागी विधायकों की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट इनका इस्तीफा स्वीकार करने का निर्देश कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष को दे। ये विधायक आनंद सिंह, के सुधाकर, एन नागराज, मुनिरत्न और रोशन बेग हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष के आर रमेश कुमार को 16 जुलाई तक कांग्रेस-जद (सेकु) गठबंधन के 10 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के मामले में किसी भी तरह के निर्णय लेने से रोका था।

नई दिल्ली

परमाणु कार्यक्रम को समझौते से पूर्व की स्थिति में ले जाएंगे : ईरान

तेहरान, 15 जुलाई (एएफपी)।

ईरान की परमाणु ऊर्जा एजंसी ने सोमवार को कहा कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को उस स्थिति तक ले जा सकता है, जहां वह विश्व शक्तियों के साथ 2015 में हुए ऐतिहासिक समझौते से पहले था।

सरकारी संवाद समिति इरना के अनुसार एजंसी के प्रवक्ता बहरूज कमलवंडी ने कहा, 'अगर यूरोपवासी और अमेरिकी अपने कर्तव्यों को नहीं निभाना चाहते हैं तो हम अपनी प्रतिबद्धताओं में कटौती करेंगे और चार साल पहले की स्थिति में ले जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'यह कार्रवाई जिद में आकर नहीं की जा रही है। यह कूटनीति को मौका देने के लिए है ताकि दूसरे पक्ष को सद्बुद्धि आए और अपने कर्तव्यों को निभाए।' विश्व शक्तियों के साथ साल 2015 में हुए समझौते के तहत ईरान को आर्थिक लाभ और प्रतिबंधों से राहत देने का वादा किया गया था, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मई, 2018 में समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया और इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ कड़े दंडात्मक कदम फिर से उठाए।

• ईरान की परमाणु ऊर्जा एजंसी ने कहा, 'अगर यूरोपवासी और अमेरिकी कर्तव्यों को नहीं निभाना चाहते हैं तो हम अपनी प्रतिबद्धताओं में कटौती करेंगे और चार साल पहले की स्थिति में ले जाएंगे।'

आस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र का शव मिला

मेलबर्न, 15 जुलाई (भाषा)।

आस्ट्रेलिया में लापता हो गए 21 वर्षीय भारतीय विद्यार्थी का शव सोमवार को विक्टोरिया के मैरीजविले क्षेत्र में मिला। पुलिस ने उसे ढूंढ़ने के लिए स्थानीय बांध तक को खाली करा दिया था। मेलबर्न में शुक्रवार सुबह विश्वविद्यालय के छात्र पोशिक शर्मा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुरुवार दोपहर तक वह अपने दोस्तों के साथ था। द एज ने पुलिस के हवाले से खबर दी है कि सोमवार को मैरीजविले के बाहरी इलाके में झाड़ियों में पोशिक का शव मिला। वह गुरुवार को दोस्तों से मामूली कहासुनी होने के बाद मैरीजविले के एक पब से अकेला निकल गया था।

नेपाल ने बाढ़ से निपटने के लिए वैश्विक एजंसियों से मदद मांगी

काठमांडो, 15 जुलाई (भाषा)।

बाढ़ प्रभावित नेपाल ने बारिश व बाढ़ की वजह से होने वाली बीमारियों की आशंका के मद्देनजर उनकी रोकथाम में मदद और लगातार बारिश से प्रभावित हजारों लोगों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय एजंसियों से मदद मांगी है। बाढ़ की वजह से नेपाल में अभी तक 67 लोगों के मरने की सूचना है। गुरुवार से हो रही भारी बारिश से नेपाल प्रभावित है। इसकी वजह से 25 जिले और 10,385 लोग प्रभावित हुए हैं। बारिश जनित घटनाओं में 32 लोगों के लापता होने की सूचना है।

पीओके की नीलम घाटी में बादल फटा, बाढ़ में 23 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, 15 जुलाई (भाषा)।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की नीलम घाटी में बादल फटने की वजह से अचानक आई बाढ़ में 23 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घाटी के लासवा इलाके में देर रात बादल फटने के बाद लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ से कई घरों को नुकसान पहुंचा और कई लोग बाढ़ के पानी में बह गए। प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संचालन निदेशक सैयद अल-रहमान कुरैशी ने बताया, 'घाटी का लासवा इलाका बुरी तरह प्रभावित हुआ, वहां कई घर बह गए हैं। कुछ इलाकों में भूस्खलन की भी रिपोर्ट है।' उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग अब भी लापता हैं।

हाफिज सईद, उसके तीन सहयोगियों को जमानत

लाहौर, 15 जुलाई (भाषा)।

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड व जेयूडी प्रमुख हाफिज सईद और उसके तीन सहयोगियों को पाकिस्तान में आतंक रोधी एक अदालत ने, अपने मदरसे के लिए जमीन के अवैध इस्तेमाल से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत दे दी। 'डॉन' अखबार के मुताबिक लाहौर में आतंकरोधी अदालत (एटीसी) ने सईद और उसके सहयोगियों- हाफिज मसूद, अमीर हमजा और मलिक जफर को 50-50 हजार रुपए के मुचलके पर 31 अगस्त तक अंतरिम जमानत दे दी। सुनवाई के दौरान सईद के वकील ने कहा कि जमात उद दावा (जेयूडी) ने अवैध तरीके से किसी भी जमीन का इस्तेमाल नहीं किया और अदालत से जमानत याचिकाएं स्वीकार करने का अनुरोध किया।

डेमोक्रेट महिला सांसदों पर की गई ट्रंप की टिप्पणी की निंदा

वाशिंगटन, 15 जुलाई (एएफपी)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रगतिशील महिला डेमोक्रेटिक सांसदों पर हमला करते हुए कहा कि वे जहां से आई हैं वहीं वापस चली जाएं। राष्ट्रपति की टिप्पणी को लेकर विवाद पैदा हो गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवारों व सांसदों ने नस्लीय और घृणा से भरे इस टिप्पणी के लिए ट्रंप की निंदा की।

ज्यादा से ज्यादा पारदर्शिता लाने का प्रयास कर रही है मोदी सरकार : पीयूष गोयल

लंदन, 15 जुलाई (भाषा)।

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पारदर्शिता का उदाहरण पेश करने के लिए भ्रष्टाचार-निरोधक विस्तृत अभियान के तहत रेल मंत्रालय के अधिकारियों की प्रोफाइल का अध्ययन किया जा रहा है।

ब्रिटेन की तीन दिन की यात्रा पर आए गोयल ने रविवार को भारतीय मूल के लोगों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सभी विभागों में पारदर्शिता लाने के लिए कदम उठाए हैं और हर जगह से गलत लोगों को हटाने का अभियान चल रहा है। इंडिया इंक के सीईओ मनोज लाडवा के साथ 'फायरसाइड चैट' में गोयल ने कहा कि विभिन्न विभागों में ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है जिनमें ईमानदारी की कमी थी। हमारा रेल मंत्रालय भी कई अधिकारियों की प्रोफाइल का अध्ययन कर रहा है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दूसरों के संदेश देने के लिए कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है। कार्यक्रम का आयोजन लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग और फिक्की ने साथ मिलकर किया।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर साइकिल रैली

जोहानिसबर्ग, 15 जुलाई (भाषा)।

महात्मा गांधी के 150वीं जयंती वर्ष के सिलसिले में अहिंसा व सत्याग्रह के उनके विचारों के व्यापक प्रचार प्रसार के तहत दक्षिण अफ्रीका में साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कई लोगों ने भी हिस्सा लिया।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
Container Corporation of India Ltd.
(A Govt. of India Undertaking)
[illegible]
www.concorindia.co.in
कार्यकारी निदेशक, उत्तरी क्षेत्र

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
A Navratna Company (A Govt. of India Undertaking)
[illegible]
www.concorindia.co.in एवं www.mstcecommerce.com
कार्यकारी निदेशक, उत्तरी क्षेत्र

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

Asset Recovery Management Branch , First Floor, Rjendra Bhawan Rajendra Place, New Delhi-110 008. (Ph: 011-25854313) - E-mail: bo4168@pnb.co.in

PUBLIC NOTICE

It is hereby notified to public at large that the borrowers/ guarantors of the under noted accounts had availed loan facilities from the bank and due to default in repayment, the accounts have been declared as NPA on the dates indicate. The borrowers/guarantors have been declared as a 'Wilful Defaulter' by the Bank. The borrowers/guarantors are required to pay to the Bank amounts as mentioned below along with further interest thereon and other costs/monies for which bank has initiated recovery proceedings against them. In public interest, it is informed that having been declared as a Wilful Defaulter by the Bank, the borrower is not entitled for financial assistance from any other Bank/Financial Institution.

Bijender Singh

Name of A/c- **M/s Preciuos Hospitality & Leisure Pvt. Ltd**
NPA Dt.-31.03.2015
Amount Due- 5,35,51,068.00/- along with further interest there on w.e.f..01.04.2015.
Total Exposure Sanctioned- Rs.600.00 lacs

Rajiv Thukral

Name of A/c- **M/s Thukral Sons**
NPA Dt.-30.06.2014
Amount Due- Rs.2,21,44,456.00+ further Intt + other Exp w.e.f. 30.06.2014
Total Exposure Sanctioned- Rs 200.00 lakhs

Rajiv Thukral

Veena Thukral

Madan Singh Yadav

Name of A/c- **M/s Sonshriya Polymers Pvt Ltd**
NPA Dt.-30.09.2014
Amount Due- Rs.3,80,88,656.90+ further Intt + other Exp w.e.f. 30.09.2014
Total Exposure Sanctioned- Rs 400.00 lakhs

Date : 15.07.2019 Place : Delhi **Branch Head**

ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग
द्वितीय तल, पारस टॉवर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, उत्तराखंड-248171
रिकवरी ऑफिसर -1, डीआरटी देहरादून, के समक्ष

मांग एवं उपस्थिति की सूचना

(आयकर अधिनियम 1961 में दूसरे अनुसूची के नियम 2 के तहत नोटिस ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम 1993 की धारा 25 से 29 में पढ़ें)।

टी.आर.सी. नं. 485/2018 (डीआरटी, लखनऊ में पुराना डीआरसी नं. 171/2013)
डीमाई नं0 503 दिनांक 08.07.2019

केनरा बैंक बनाम मैसर्स मून स्टार हैन्डीक्राफ्टस एवं अन्य

सेवा में,
सीडी 1: मैसर्स मून स्टार हैन्डीक्राफ्टस , सराय हुसैनी बेगम, बारादरी, मुरादाबाद
सीडी 2: श्री फैजल हुसैन, निवासी सराय हुसैनी बेगम, निवासी सराय हुसैनी बेगम, बारादरी, मुरादाबाद
सीडी 3: श्रीमती दिलबारी बेगम, पत्नि स्वर्गीय श्री हिदायतुल्लाह, द्वारा अफरोज वाही, निवासी 84, घंटा घिसकोल, अश्वनी कुमार मेमोरियल मोंटेसरी स्कूल के सामने, मुरादाबाद।

सर्टिफिकेट देनदार

यह अधिसूचित किया जाता है कि पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण , लखनऊ द्वारा ओ0 ए0 सं. 366/2012 में जारी वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार 21,17,681.00 (रुपये इक्कीस लाख सत्तरह हजार इक्यासी मात्र) की राशि तथा [illegible] दिनांक 18.07.2012 से लेकर प्रतिवादियों से ऋण की पूर्णतः वसूली होने तक , आपके ऊपर बकाया है। उपरोक्त आर सी को डीआरटी, देहरादून को स्थानानान्तरित कर दिया गया है और पुनः संख्या दी गयी है चूंकि टी आर सी नं0 485/2018 है। [illegible] इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचना दी जाती है और आपको निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस के प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर उपरोक्त राशि का भुगतान कर दें। विफल होने पर ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 के तहत प्रावधानों एवं नियमों के अनुसार वसूली की जायेगी।

उपरोक्त राशि के अतिरिक्त आप भुगतान करने के लिए बाध्य होंगे :

अ) इस प्रमाण-पत्र / निष्पादन की सूचना की कार्यवाही के तुरंत बाद से शुरू होने वाली अवधि के लिए देय ब्याज।

ब) इस सूचना की सेवा के संबंध में किए गये सभी खर्च, शुल्क और व्यय एवं अन्य प्रक्रिया के लिये राशि वसूली में शामिल की जा सकती है।

यदि उपरोक्त राशि आपके द्वारा भुगतान नहीं की जाती है तो आपको आदेशित किया जाता है कि अग्रिम कार्यवाही हेतु आप 04.09.2019 को प्रातः 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित हों।

मेरे हाथ एवं मुहर के अधीन 08 जुलाई 2019 को इस ट्रिब्यूनल द्वारा जारी किया गया।

(संजय कुमार शर्मा)
वसूली अधिकारी-I
डीआरटी, देहरादून

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार

कार्यालय: कार्यपालक अभियंता (सिविल) प्लान्ट एसडीडब्ल्यू एस/ई
श्रीनिवासपुरी, नई दिल्ली-110065
प्रैस एनआईटी नं. 01 (2019-20)

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	ओखला एसटीपी में ओखला प्लांट से 16 एमजीडी प्लान्ट के प्रवेश द्वार तक मुख्य सड़क का पुनर्निर्माण/ मरम्मत। 2019_DJB_176197-4	47,24,585/-	12.7.2019	01.8.2019 के 3.00 बजे अप. तक

इस संबंध में अधिक विवरण वेबसाइट https://delhi.govtprocurement.com पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019-20/172

हस्ता./-
कार्यपालक अभियंता (सिविल)
प्लान्ट एसडीडब्ल्यूएस/ई

DETAILED PUBLIC STATEMENT IN TERMS OF REGULATIONS 3(1) AND 4 READ WITH REGULATIONS 13, 14 AND 15(2) AND OTHER APPLICABLE PROVISIONS OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED ("TAKEOVER REGULATIONS") TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF

GARV INDUSTRIES LIMITED

Registered Office: H NO. 8885, G. No-2, Multani Dhanda, Paharganj, Delhi 110055
E-mail: info@garvindustries.com
CIN: L74990DL2017PLC324826
Website: http://www.garvindustries.com

Open offer **("Offer" / "Open Offer")** for acquisition of upto 26,52,000 fully paid-up equity shares of face value Rs. 10 each of Garv Industries Limited **("Target Company")**, representing 26.00% of the total voting equity share capital on a fully diluted basis expected as of the tenth (10th) working day from the closure of the tendering period of the Open Offer from all the Public Shareholders (as defined later) of the Target Company by Mr. Swaranjeet Singh Sayal and Mr. Rubaljeet Singh Sayal **("Acquirers")** at a price of INR 10.65 **(Rupees Ten and Sixty Five Paise only)** per equity share.

This detailed public statement **("DPS")** is being issued by Fast Track Finsec Private Limited, the manager to the Offer **("Manager" or "Manager to the Offer")**, on behalf of the Acquirers in compliance with Regulations 3(1) and 4 read with Regulations 13(4), 14(3), 15(1) and 15(2) and other applicable Regulations of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto **("Takeover Regulations")**, and pursuant to the public announcement ("PA") dated July 9, 2019 filed with BSE Limited **("BSE")**. The PA was also filed with the Securities and Exchange Board of India **("SEBI")** and sent to the Target Company in terms of Regulation 14 of the Takeover Regulations.

"Equity Shares" or "Shares" shall mean the fully paid-up equity shares of face value of INR 10 each of the Target Company.

"Expanded Voting Share Capital" means the total voting equity share capital of the Target Company on a fully diluted the basis expected as of the 10 (Tenth) Working Day from the closure of the Tendering Period for the Offer.

"Identified Date" means the date falling on the 10 (Tenth) Working Day prior to the commencement of the Tendering Period, for the purpose of determining the Public Shareholders to whom the letter of offer in relation to this Offer (the "Letter of Offer") shall be sent.

"Public Shareholders" mean all the equity shareholders of the Target Company excluding (i) the Acquirer and the PAC; (ii) parties to the SPAs (defined below); and (iii) the persons acting in concert or deemed to be acting in concert with the persons set out in (i) and (ii).

"Tendering Period" has the meaning ascribed to it under the Takeover Regulations.

"Working Day" means the working day of the Securities and Exchange Board of India.

I. ACQUIRERS, SELLERS, TARGET COMPANY AND THE OFFER

A. Details of the Acquirers

1 Mr. Swaranjeet Singh Sayal

1.1 Acquirer 1 is son of Shri Kalyan Singh Sayal. He is about 71 years of age and resides at 124-A Central Avenues Sainik Farms, Deoli Hauz Khas South Delhi 110062.

1.2 As on the date of this DPS, Acquirer 1 does not hold any position(s) on the board of directors of the Target company.

1.3 The Acquirer 1 does not belongs to the Promoter and Promoter Group of the Target Company.

1.4 Mr. Anand Grover (M. No. 097954), Partner, M/s S S Periwal & Co., Chartered Accountants, firm registration number 001021N, having office at J-45, Basement, Vikas Puri, New Delhi-110018, has vide its certificate dated July 15, 2019 that the net-worth of Acquirer 1 as on July 9, 2019 is Rs. 33,88,02,789 (Rupees Thirty Three Crore Eighty Eight lakh Two Thousand Seven Hundred Eighty nine only) which can be used for the acquisition of shares of the Target Company under the Offer..

1.5 As on date of this DPS, Acquirer 1 does not have any interest / relationship in the Target Company nor does he hold any shares of the Target Company, except in terms of the proposed acquisition as contemplated vide the SPA (as defined later).

1.6 Acquirer 1 has sufficient resources to fulfil the obligation under this Offer.

1.7 Acquirer 1 is not on the list of 'wilful defaulters' issued by any bank, financial institution, or consortium thereof in accordance with the guidelines on willful defaulters issued by SEBI.

1.8 Acquirer 1 has not been prohibited by SEBI from dealing in securities, in terms of direction issued under Section 11B of the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 ("SEBI Act") or under any of the regulations made under the SEBI Act.

1.9 There are no persons acting in concert with Acquirer 1 & Acquirer 2 in relation to the Offer within the meaning of Regulation 2(1)(q)(1) of the Takeover Regulations.

2 Mr. Rubaljeet Singh Sayal

2.1 Acquirer 2 is son of Mr. Swaranjeet Singh Sayal. He is 44 years of age and resides at 124-A Central Avenues Sainik Farms, Deoli Hauz Khas South Delhi 110062.

2.2 As on the date of this DPS, Acquirer 2 does not hold any position(s) on the board of directors of the Target Company.

2.3 The Acquirer 2 does not belongs to the Promoter and Promoter Group of the Target Company.

2.4 Mr. Anand Grover (M. No. 097954), Partner, M/s S S Periwal & Co., Chartered Accountants, firm registration number 001021N, having office at J-45, Basement, Vikas Puri, New Delhi-110018, has vide its certificate dated July 15, 2019 that the net-worth of Acquirer 2 as on July 9, 2019 is Rs. 49,34,70,875 (Rupees Forty Nine Crore Thirty Four lakh Seventy Thousand Eight Hundred Seventy Five only) which can be used for the acquisition of shares of the Target Company under the Offer.

2.5 As on date of this DPS, Acquirer 2 does not have any interest / relationship in the Target Company nor does he hold any shares of the Target Company except in terms of the proposed acquisition as contemplated vide the SPA (as defined below).

2.6 Acquirer 2 has sufficient resources to fulfil the obligation under this Offer.

2.7 Acquirer 2 is not on the list of 'wilful defaulters' issued by any bank, financial institution, or consortium thereof in accordance with the guidelines on willful defaulters issued by SEBI.

2.8 Acquirer 2 has not been prohibited by SEBI from dealing in securities, in terms of direction issued under Section 11B of the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 or under any of the regulations made thereof.

2.9 There are no persons acting in concert with Acquirer 1 & Acquirer 2 in relation to the Offer within the meaning of Regulation 2(1)(q)(1) of the Takeover Regulations.

B. Details of Seller

1 RS Services Private Limited ("Seller 1")

